● सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 201, पृष्ठ : 08, सीधी, सोमवार, 02 सितम्बर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



सितम्बर में अमेरिका के दौरे पर जायेंगे राहुल गांधी 5

रोहित शर्मा के निशाने पर वीरेंद्र सहवाग का महारिकार्ड... 6

## लंबित मामले कम करने के लिए सीजेआई का बड़ा एलान

### कानून मंत्री बोले- बदलनी होगी तारीख पर तारीख की संस्कृति

**नई दिल्ली।** मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने रविवार को भारत मंडपम में आयोजित जिला न्यायपालिका के राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि लंबित मामलों की संख्या को कम करने के लिए एक ठोस योजना बनाई गई है।

उन्होंने बताया कि इस योजना के तीन मुख्य चरण हैं। जिसमें पहले चरण में जिला स्तर पर मामलों के प्रबंधन के लिए समितियों का गठन किया जाएगा। ये समितियां लंबित मामलों और रिकॉर्ड की स्थिति की जांच करेंगी। दूसरे चरण में, उन मामलों का निपटारा किया जाएगा जो 10 से 30 वर्षों से अधिक समय से लंबित हैं। तीसरे चरण में, जनवरी 2025 से जून 2025 तक दस वर्षों से अधिक समय से लंबित मामलों की सुनवाई की जाएगी। इसके लिए विभिन्न तकनीकी और डाटा प्रबंधन प्रणालियों की जरूरत होगी लंबित मामलों से निपटने के अन्य उपायों में विवादों का समाधान करने की पहल भी शामिल है। हाल ही में, सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की, जिसमें 1,000 से ज्यादा मामलों का समाधान किया गया।



मुख्य न्यायाधीश ने आगे यह भी कहा, हमें यह स्थिति बदलनी होगी कि हमारे जिला न्यायालयों में केवल 6.7 फीसदी इन्फ्रास्ट्रक्चर ही महिलाओं के अनुकूल है। आज के समय में जब कुछ राज्यों में भर्ती में 60 फीसदी से 70 फीसदी महिलाएं हैं, तो क्या यह स्वीकार्य है? हमारी प्राथमिकता है कि न्यायालयों तक पहुंच को बढ़ाया जाए। इसके लिए हम इन्फ्रास्ट्रक्चर का ऑडिट करेंगे, कोर्ट में मेडिकल सुविधाएं आदि स्थापित करेंगे और ई-सेवा केंद्र व वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग उपकरणों का उपयोग बढ़ाएंगे। इन प्रयासों का मकसद न्याय तक सभी की पहुंच को आसान बनाना है।

उन्होंने कहा, इसके साथ ही हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि हमारे न्यायालय समाज के सभी लोगों के लिए सुरक्षित और अनुकूल हों, खासतौर पर महिलाओं, दिव्यांगों, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य संवेदनशील समूहों के लिए।

वहीं, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा, भारत को दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र और लोकतंत्र की जननी कहा जाता है। सुप्रीम कोर्ट की 75वीं वर्षगांठ हमारे लिए गर्व का विषय है। आज, न्यायपालिका में विभिन्न स्तरों पर काम करने वाले सभी महान लोगों का एक ही लक्ष्य है- विकसित भारत का निर्माण। उन्होंने आगे कहा, एक अच्छी न्याय प्रणाली का होना जरूरी है, ताकि नागरिक अपनी पूरी क्षमता से राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकें। इस दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में जिला न्यायपालिका के सभी पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई है।

उन्होंने कहा, मुझे भरोसा है कि सम्मेलन में दिए गए सुझावों को अपनाने से न्यायिक बिरादरी को मदद मिलेगी और नागरिकों के लिए न्याय की प्रक्रिया को सरल बनाने में मदद मिलेगी। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम तारीख पर तारीख की पुरानी संस्कृति को बदलने का संकल्प लें।

## लोकमाता देवी अहिल्याबाई सनातन धर्म की बड़ी संवाहक रही हैं: डॉ. यादव

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई के आदर्शों, सिद्धांतों, व्यक्तित्व और कृतित्व को जन-जन तक पहुंचाने के लिये राज्य शासन द्वारा समिति का गठन किया जायेगा। इस समिति के माध्यम से लगातार कार्यक्रम होंगे। समिति गठन के संबंध में शीघ्र ही आदेश जारी किये जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई हम सबकी आदर्श और प्रेरणा स्त्रोत है। उन्होंने जनहितैषी और ममतामयी विशेष शासन व्यवस्था से देश में विशेष पहचान स्थापित की है। वे सनातन धर्म की बड़ी संवाहक रही हैं।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव इंदौर में पुण्य सलिला देवी अहिल्याबाई होलकर की 229 वीं पुण्यतिथि पर आयोजित गुणीजन सम्मान, पुरस्कार वितरण एवं पुण्य स्मरण समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर अनुसूचित जनजाति बहुल क्षेत्रों में काम करने वाले श्रीयुत श्रीकांत वासुदेव को गुणीजन सम्मान प्रदान किया। अहिल्या उत्सव के दौरान एक माह तक विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किये। डॉ. यादव ने अहिल्या उत्सव पर आयोजित माँ अहिल्याबाई होलकर की पालकी यात्रा का पूजन किया और उन्होंने बड़ी श्रद्धा के साथ पालकी को अपने कांधों पर थामकर यात्रा की शुरूआत की। उन्होंने माँ अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर श्रद्धासुमन भी अर्पित किये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इतिहास में इंदौर का विशेष स्थान रहा है। यहां देवी अहिल्याबाई होलकर जैसी न्यायप्रिय, कुशल संगठक, कुशल प्रबंधक, संघर्षशील, धर्मप्रिय एवं उदात्त भाव वाली ममतामयी शासक रही हैं।

## महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में सीट शेयरिंग पर महायुति की मीटिंग

**नागपुर।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए महायुति (भाजपा, शिवसेना और एनसीपी) की दूसरे दौर की बैठक शनिवार (31 अगस्त) को हुई। एनसीपी के सूत्रों ने एएनआई को बताया कि 3 घंटे तक चली इस मीटिंग में महाराष्ट्र की 288 में से 173 सीटों पर सहमति बन गई है।

इनमें सबसे ज्यादा सीटें भाजपा को देने का फैसला किया गया है। भाजपा के बाद शिवसेना और एनसीपी को सीटें मिलेंगी। हालांकि, किस पार्टी को कितनी सीटें देने पर सहमति बनी, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।



बाकी की 115 सीटों पर बैठक में फैसला होगा।

सीट शेयरिंग फाइनल करने के लिए 2-3 दौर की मीटिंग और होंगी। नागपुर में हुई इस बैठक में सीएम शिंदे, डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस, अजित पवार समेत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले, एनसीपी प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे, एनसीपी नेता प्रफुल पटेल मौजूद थे। अजित पवार ने मीटिंग से पहले नागपुर में कहा था- 2019 के चुनाव में हमने 54 सीटें जीती थीं। चूंकि इस बार हमें तीन कांग्रेस विधायकों और तीन निर्दलीयों का समर्थन प्राप्त है, इसलिए हमारी ताकत बढ़ती ही जा रही है। हम इस विधानसभा चुनाव में 60 सीटों की मांग करेंगे।

महाराष्ट्र में इस वक्त बीजेपी-शिवसेना (शिंदे गुट) की सरकार है। इसका कार्यकाल नवंबर 2024 को खत्म हो रहा है। अक्टूबर 2024 में चुनाव हो सकते हैं। महाराष्ट्र की 288 विधानसभा सीटों पर 2019 में चुनाव हुए थे।

## एमपी को फिर मिला सोया प्रदेश का ताज

**भोपाल।** दो साल से पिछड़ रहे मप्र ने इस बार 5.47 मिलियन टन उत्पादन के साथ देश में पहला स्थान बनाया है। भारत सरकार के जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार मध्य प्रदेश 5.47 मिलियन टन सोयाबीन उत्पादन के साथ पहले नंबर पर आ गया है। देश के कुल सोयाबीन उत्पादन में मध्य प्रदेश का योगदान 41.92 प्रतिशत है। महाराष्ट्र 5.23 मिलियन टन के साथ दूसरे नंबर पर रहा। देश के कुल उत्पादन में महाराष्ट्र का योगदान 40.01 प्रतिशत है, जबकि राजस्थान 1.17 मिलियन टन उत्पादन के साथ तीसरे नंबर पर है और देश के कुल सोया उत्पादन में राजस्थान का योगदान 8.96 प्रतिशत है।

## राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट के लिए नए झंडे-प्रतीक चिह्न का किया अनावरण

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को अदालतों में तारीख पर तारीख की संस्कृति को बदलने और त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए प्रयास करने की आवश्यकता पर जोर दिया। वे भारत मंडपम में आयोजित दो दिवसीय जिला न्यायपालिका राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित कर रही थीं। इस मौके पर राष्ट्रपति ने सुप्रीम कोर्ट के लिए नए झंडे और प्रतीक चिह्न का भी अनावरण किया। सुप्रीम कोर्ट की 75वीं वर्षगांठ के



मौके पर राष्ट्रपति ने कहा कि अदालतों में मामले लंबित होना हम सभी के लिए एक बड़ी चुनौती है और इसके समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि देश के सभी न्यायाधीशों की जिम्मेदारी है कि वे न्याय की रक्षा करें। उन्होंने अदालती माहौल में आम लोगों का तनाव का स्तर बढ़ जाता है, जिसे उन्होंने ब्लैक कोर्ट सिंड्रोम नाम दिया। उन्होंने इस विषय पर अध्ययन का भी सुझाव दिया। उन्होंने महिला न्यायिक अधिकारियों की संख्या में बढ़ोतरी पर भी प्रसन्नता जताई। कार्यक्रम में मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी शामिल हुए।

## किसानों को मिल रहा 1 लाख रुपये का ब्याज मुक्त लोन

**इंदौर।** राजस्थान सरकार किसानों के लिए एक बड़ी योजना लेकर आई है, जिसका नाम गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना है। नाम से ही समझ आता है कि यह पशु पालन को बढ़ावा देने वाली योजना है। इस योजना में किसानों को ब्याज मुक्त लोन दिया जाता है, जिससे वह पशु खरीद सकें, शेड बना सकें और उनके लिए चारा खरीद सकें। इस योजना के बारे में इस आर्टिकल में आपको पूरी जानकारी देते हैं। गोपाल क्रेडिट कार्ड योजना में किसानों को 1 लाख रुपये दिए जाते हैं, जिस पर कोई ब्याज नहीं लगता है।

## शिवाजी मूर्ति गिरने के खिलाफ महाराष्ट्र विकास अघाड़ी का प्रदर्शन

**मुंबई।** महाराष्ट्र के कोल्हापुर में छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति गिरने के विरोध में आज रविवार को महाविकास अघाड़ी मुंबई में प्रदर्शन किया। इसे जोड़े मारो (जूता मारो) आंदोलन नाम दिया गया। एमव्हीए ने साउथ मुंबई के हुतात्मा चौक से गेटवे ऑफ इंडिया तक पैदल मार्च निकाला। इसमें उद्धव ठाकरे, आदित्य ठाकरे, शरद पवार, सुप्रिया सुले, नाना पटोले समेत एमव्हीए की तीनों पार्टियों के बड़े नेता शामिल हुए।

इस दौरान उद्धव ने सीएम एकनाथ शिंदे, डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार के पोस्टर पर चप्पल मारी। उन्होंने कहा- मोदी की माफी अहंकार से भरी थी। वहीं, शरद पवार ने कहा- मूर्ति गिरना भ्रष्टाचार का उदाहरण है। इधर, सीएम शिंदे ने कहा- विपक्ष मामले पर राजनीति कर रहा है। जनता सब देख रही है। आने वाले चुनाव में महाराष्ट्र की जनता इन्हें जूतों से पीटेगी। भाजपा ने भी विपक्ष के प्रदर्शन के खिलाफ मुंबई में प्रोटेस्ट किया। 27 अगस्त को पालघर में मोदी ने एक प्रोग्राम में सिंधुदुर्ग में शिवाजी की प्रतिमा गिरने पर माफी मांगी थी। उन्होंने कहा था, हमारे लिए छत्रपति शिवाजी महाराज सिर्फ एक महाराजा नहीं हैं।

## 3 महीने में लॉन्च होगी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन

### अश्विनी वैष्णव बोले- किराया राजधानी जितना होगा

**बेंगलुरु।** केंद्रीय रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार (1 सितंबर) को वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के पहले मॉडल की झलक दिखाई। वे बेंगलुरु में भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड की फैक्ट्री में ट्रेन का निरीक्षण करने पहुंचे थे।

उन्होंने बताया कि अगले 3 महीने यानी दिसंबर तक वंदे भारत स्लीपर ट्रेन शुरू हो जाएगी। कोच की मेन्युफैक्चरिंग का काम पूरा हो गया है। कुछ दिनों में यह बीईएमएल फैक्ट्री से बाहर आ जाएगी। अगले 2 महीने ट्रेन की टेस्टिंग चलेगी। इसके बाद यात्रियों के लिए ट्रेन की लॉन्चिंग होगी।



रेल मंत्री ने कहा कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को 800 से 1200किमी दूरी की यात्रा के लिए तैयार किया गया है। इसमें यात्री रात करीब 10 बजे चढ़ेंगे और सुबह डेस्टिनेशन पर पहुंच जाएंगे। यह ट्रेन मिडिल क्लास के लिए बनाई गई है। इसका किराया राजधानी के जितना ही होगा। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि ट्रेन में कपलर मैकेनिज्म की नई टेक्नोलॉजी लाई गई है। इससे ट्रेन का वेट कम होता है और स्ट्रेंथ बढ़ती है।

कपलर दो कोच को जोड़ने वाला हिस्सा होता है। यह ऑस्टेनिटिक स्टील से बना होता है। रेल मंत्री के मुताबिक, ट्रेन को बनाते समय वेट बैलेंस और स्टेबिलिटी का ध्यान रखा गया है। व्हील और ट्रैक के बीच का मैकेनिकल हिस्सा खास तरीके से डिजाइन किया गया है। इससे ट्रेन के अंदर वाइब्रेशन और आवाज कम आएगी। अश्विनी वैष्णव ने दावा किया वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की गिनती दुनिया की बेहतरीन ट्रेनों में होगी। ट्रेन के कोच और टॉयलेट को अपग्रेड किया गया है। ट्रेन में कई सेफ्टी फीचर्स हैं। मेंटेनेंस स्टाफ के लिए एक अलग केबिन बनाया गया है। वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की लॉन्चिंग के साथ भारतीय रेलवे का लक्ष्य लंबी दूरी की यात्रा का समय कम करना है।

## बीजेपी के कहने पर ईसी ने तारीखें बदली: महबूबा

**श्रीनगर।** पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने रविवार (1 सितंबर) को बीजेपी और चुनाव आयोग पर चुनाव की तारीखें बदलने का आरोप लगाया। महबूबा बोलीं, 'चुनाव आयोग वही करते हैं जो भाजपा को सूट करता है। जब मैंने लोकसभा चुनाव लड़ा था, तो उन्होंने बेवजह वोटिंग की तारीख बदल दी थी। सब कुछ बीजेपी और उसकी अलायंस वाली पार्टियों की इच्छा के अनुसार होता है।'



वहीं महबूबा मुफ्ती ने चुनाव के दौरान पुलिस अधिकारियों के ट्रांसफर को लेकर खुशी जताई। पीडीपी प्रमुख ने कहा कि उन्हें खुशी है कि सभी अधिकारी स्थानीय हैं। उम्मीद है कि वे स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराएंगे। राजस्थान की ऑल इंडिया बिश्नोई महासभा ने चुनाव आयोग से त्योहार की वजह से वोटिंग की तारीखों को बदलने की मांग की थी।

## वक्फ बोर्ड संशोधन विधेयक-सुझावों के लिए भाजपा ने बनाई टीम

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अल्पसंख्यक मोर्चा ने वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम 2024 को लेकर 7 सदस्यों की टीम बनाई है। यह टीम मुस्लिम समुदाय से बातचीत करेगी और उनके सुझाव इकट्ठा करेगी। 31 अगस्त को बनाई गई टीम में उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, हरियाणा, गुजरात और हिमाचल प्रदेश के वक्फ बोर्ड्स के अध्यक्ष समेत भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के 2 राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य शामिल हैं। ये सदस्यअलग-अलग राज्यों में जाकर मुस्लिम विद्वानों से चर्चा करेंगे। उनकी चिंताओं को समझेंगे और विधेयक पर सुझाव जुटाएंगे। साथ ही, वे संशोधन की जरूरत और उसके फायदे बताएंगे। साथ ही अल्पसंख्यक समुदाय के भीतर मौजूद किसी भी गलत धारणा और संदेह का भी समाधान करेंगे।

## आंध्र प्रदेश में 24 घंटे में 8 की मौत

**नई दिल्ली**

आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में पिछले दो दिन से भारी बारिश हो रही है। कई इलाकों में बाढ़ से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त है। पिछले 24 घंटों में आंध्र के विजयवाड़ा में लैंडस्लाइड में 5 लोगों की मौत हो गई। गुंटूर में 3 लोग नहर में डूब गए।

तेलंगाना में केसमुद्रम और महबूबाबाद के बीच रेलवे पटरी बह गई। वीडियो में ट्रैक के आर-पार पानी का सैलाब बहता दिखा। दिल्ली-विजयवाड़ा रूट पर सभी ट्रेनें बंद कर दी गई हैं। आंध्र और तेलंगाना आने-जाने वाली करीब 6 ट्रेनें कैंसिल और 9 डायवर्ट की गई हैं।

मौसम विभाग ने तेलंगाना में कल भारी बारिश की संभावना जताई है। इसके चलते सभी स्कूल सोमवार को बंद रहेंगे। आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में भी 5 दिन का अलर्ट है। मध्य प्रदेश-राजस्थान में सितंबर शुरू होने के साथ तेज बारिश का दौर शुरू होने की संभावना है। मौसम विभाग ने बाढ़ और लैंडस्लाइड की भी संभावना जताई है। गुजरात के वडोदरा में 27 से 29 अगस्त के बीच 24 मगरमच्छ रिहाइशी इलाकों में घुस गए। आज एमपी समेत 12 राज्यों में बारिश का अलर्ट है।

उत्तर प्रदेश में बीते 7 दिनों से गंगा का जलस्तर बढ़ा हुआ है। वाराणसी में 55 घाट गंगा में डूबे हुए हैं। बलिया में गंगा खतरे के निशान से ऊपर है। मौसम विभाग ने बताया कि अगस्त में देश के नॉर्थ-वेस्ट हिस्से में 253.9 मिमी बारिश हुई। 2001 के बाद से अब तक यह दूसरी सबसे अधिक बारिश है। सितंबर में भी सामान्य से अधिक बारिश होने की संभावना है। आईएमडी के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि 9% ज्यादा बारिश होने का अनुमान है।

## आठ महीने मे पटवारी नहीं बना पए कार्यकारिणी

### उपचुनाव तक करना पड़ सकता है इंतजार

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस पार्टी के नए प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को पद संभाले करीब 8 महीने से ज्यादा का समय बीत गया है, लेकिन पटवारी अभी तक अपनी टीम का गठन नहीं कर पाए हैं। प्रदेश कार्यकारिणी के घोषणा को लेकर लगातार कयास लगाया जा रहे हैं। भोपाल से दिल्ली तक मंथन चल रहा है। मध्य प्रदेश प्रभारी जितेंद्र भंवर सिंह भी कई बार बोल चुके हैं कि पदाधिकारियों की लिस्ट तैयार हो गई है जल्द ही घोषणा की जाएगी। कांग्रेस सूत्रों की माने तो पार्टी ने कार्यकारिणी की लिस्ट तैयार कर ली है लेकिन बुधनी और विजयपुर में होने वाले उप चुनाव के कारण कार्यकारिणी का घोषणा नहीं किया गया है। पार्टी के बड़े नेताओं को लग रहा है कि कार्यकारिणी की घोषणा होने पर कई नेता नाराज हो सकते हैं और इसका असर उपचुनाव पर पड़ सकता है। यही कारण है की कार्यकारिणी की घोषणा लगातार टलती जा रही है।

मध्य प्रदेश में कांग्रेस और गुटबाजी का गहरा नाता हो चला है। दरअसल प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी युवा और महिलाओं को अपनी टीम में अधिक से अधिक जगह देना चाहते हैं। जबकि कांग्रेस के बड़े नेता खुद को या अपने चाहने वालों को कार्यकारिणी में जगह दिलाना चाहते हैं। यही कारण है कि कई नेता जीतू पटवारी से नाराज चल रहे हैं। कई नेता तो खुलकर भी पटवारी के खिलाफ बयान बाजी



कर चुके हैं। पटवारी के सामने परीक्षा की घड़ी है कि पार्टी को कैसे मैनेज करते हैं और कार्यकारिणी में सभी का समन्वय बनाते हैं। दरअसल राज्य में किसी दौर में कांग्रेस सत्ता में थी, संगठन भी मजबूत हुआ करता था, मगर वर्ष 2003 के बाद ऐसी स्थितियां बनी कि कांग्रेस लगातार कमजोर होती गई। अब एक बार फिर से कांग्रेस को मजबूत करने में पार्टी के सभी नेता जुटे हुए है।

कांग्रेस पार्टी ने दिसंबर 2023 विधानसभा में करारी हार के बाद प्रदेश अध्यक्ष की कमान जीतू पटवारी को सौंपी गई थी। कमलनाथ की प्रदेश अध्यक्ष पद से विदाई की गई थी। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी विधानसभा के लगातार तीन चुनाव हार गई। लेकिन साल 2018 के विधानसभा चुनाव में पार्टी ने अन्य दलों के सहयोग से सत्ता हासिल की। पार्टी को सत्ता जरूर मिल गई, मगर गुटबाजी के रोग ने उसे ज्यादा दिन सत्ता हाथ में नहीं रहने दिया।15 महीने ही कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार ने काम किया। उसके बाद सिंधिया के अलग होने से सरकार गिर गई और तब से कांग्रेस को सत्ता से बाहर रहना पड़ रहा है।

जब से जीतू पटवारी को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया है मध्य प्रदेश सरकार के खिलाफ कांग्रेस पार्टी लगातार सड़कों पर आंदोलन करती नजर आ रही है। पिछले दो महीने में 10 से ज्यादा बड़े आंदोलन प्रदेश में हो चुके हैं। खास बात यह है कि नर्सिंग, बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर कांग्रेस के प्रदर्शन में सभी बड़े नेता शामिल हो रहे हैं, यह पार्टी के लिए अच्छे संकेत है। हालांकि कई नेता पार्टी में सक्रियता दिखाकर कार्यकारिणी में जगह चाहते हैं। नए प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पार्टी के सक्रिय नेताओं को जिम्मेदारी का इंतजार है।

# सदस्यता अभियान को लेकर मोर्चा, प्रकोष्ठ एवं विभाग की संयुक्त बैठक सम्पन्न

**सिंगरौली।** भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता महाभियान को लेकर मोर्चा, प्रकोष्ठ एवं विभाग की संयुक्त बैठक भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता उपस्थित रहे तथा बैठक की अध्यक्षता सदस्यता अभियान के प्रभारी एवं जिला महामंत्री सुंदरलाल शाह ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक देवसर राजेंद्र मेश्राम एवं निगम अध्यक्ष देवेश पांडेय उपस्थित रहे।




जिला मीडिया प्रभारी नीरज सिंह परिहार ने बताया कि कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ भारत माता एवं पितृ पुरुषों के छायाचित्र पर माल्यार्पण से हुआ। बैठक की अध्यक्षता कर रहे सदस्यता अभियान के प्रभारी सुंदरलाल शाह ने उपस्थित समस्त अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया तथा आगामी सदस्यता अभियान की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की। प्रभारी ने बताया कि हमारे जिले के लिए प्रदेश नेतृत्व द्वारा सदस्यता का पूर्व निर्धारित लक्ष्य डेढ़ लाख से बढ़ाकर दो लाख कर दिया है और यह लक्ष्य आगे बढ़ाया भी जा सकता है इसलिए हम सब को पूर्व से ही तैयारी बना कर रखनी है और हमें सदस्यता अभियान में निर्धारित लक्ष्य से ऊपर जाकर अपने जिले को प्रदेश में प्रथम स्थान पर लाने का प्रयास करना? है। पार्टी ने प्रत्येक पदाधिकारी, प्रत्येक मोर्चा, प्रत्येक प्रकोष्ठ, प्रत्येक विभाग के लिये अलग-अलग लक्ष्य निर्धारित किये हैं और हम सबको अपने लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए ही इस अभियान में अपना योगदान देना है। विधायक देवसर राजेंद्र मेश्राम ने कहा कि मुख्यमंत्री ने घोषणा की है कि सदस्यता अभियान के प्रदर्शन के आधार पर ही कार्यकर्ता को सांगठनिक एवं शासकीय पदों में नियुक्तियां की जायेंगी। हम सब मिलकर इस अभियान को उत्सव की तरह मनायेंगे और लक्ष्य से ज्यादा सदस्य बनायेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि ये संगठन पर्व जो हम सब मनाने जा रहे हैं ये ही हमारी पार्टी एवं संगठन की बुनियाद है। हम विश्व के सबसे बड़े राजनैतिक दल के रूप में अपनी पहचान बना चुके हैं। आज भारतीय जनता पार्टी अपने संविधान के अनुसार पुनः नवीन सदस्यता प्रारंभ कर रही है इस अभियान में हमें अपने सदस्यों की सदस्यता के साथ साथ नये सदस्यों को अधिकाधिक संख्या में जोड़ना है। कोई भी नव युवक जो 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुका है वो हमारा प्राथमिक सदस्य बन सकता है । सक्रिय सदस्य बनने के लिये प्रत्येक कार्यकर्ता को अनिवार्य रूप से पचास सदस्य बनाने पड़ेंगे तथा पार्टी द्वारा निर्धारित मापदंडों पर ही उन्हें सक्रिय सदस्यता प्रदान की जायेगी। जिलाध्यक्ष जी ने कहा? कि प्रत्येक बूथ पर 250 सदस्य बनाना अनिवार्य है तथा निर्धारित लक्ष्य से ऊपर जाकर हम सबको अपनी योग्यता प्रदर्शित करनी है। पार्टी ने समस्त जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ पदाधिकारियों के लिये भी लक्ष्य निर्धारित किये हैं। 2 सितंबर को सायं 5 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी पहली सदस्यता ग्रहण करेंगे तथा उसके बाद विधिवत सदस्यता अभियान का शुभारंभ हो जायेगा। हम? सभी इस सदस्यता अभियान को संगठन पर्व के रूप में मना रहे हैं और यह सदस्यता अभियान हमारे संगठन का सबसे बड़ा पर्व होने जा रहा है। सिंगरौली जिले में हम निर्धारित लक्ष्य से अधिक सदस्य बनाकर प्रदेश के प्रथम पंक्ति वाले जिलों में शामिल होंगे ऐसा मुझे पूर्ण विश्वास है। बैठक का संचालन पिछड़ावर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष कमलेश वैश्य ने किया तथा आभार प्रकट करने का काम महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सीमा जायसवाल ने किया। बैठक में मुख्य रूप से सदस्यता अभियान समिति के सदस्य पूनम गुप्ता, ध्रुव सिंह, वरिष्ठ नेता रमापति जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष सरोज सिंह, जिला मंत्री द्रोपदी सिंह मरकाम, विनोद चौबे, बविता जैन, युवामोर्चा जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, सहकारिता प्रकोष्ठ संयोजक रविन्द्र चौबे, झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ संयोजक सुनील सिंह गहरवार, विधि प्रकोष्ठ संयोजक एडवोकेट प्रदीप शाह, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ संयोजक विनोद द्विवेदी, आइ टी सेल संयोजक सुरेश गिरी समेत अपेक्षित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कट्टे की नोक पर आधी रात को व्यापारी के घर से पांच लाख की लूट

## आधा दर्जन नकाबपोश बदमाशों ने की वारदात

**सिंगरौली।** शनिवार की देर रात मोरवा थाना क्षेत्रांर्गत एनसीएल झिंगुरदा परियोजना के शापिंग सेंटर के आवास में नकाबपोश बदमाशो ने व्यापारी के घर में घुसकर कट्टे की नोंक पर 5 लाख रूपये नगदी एवं कुछ जेवरात लेकर फरार हो गये। लूटेरो की संख्या करीब आधा दर्जन बतायी जा रही है। जो कट्टा एवं धारदार हथियार से लैस थे। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची मोरवा पुलिस ने सर्चिंग की लेकिन लुटेरो कोई रता पता नही चलने पर स्थानीय लोगो में दहशत व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार झिंगुरदा शापिंग सेंटर की दुकान नं. 11 में रीना शुक्ला पति अवधेश शुक्ला की किराना दुकान है,जो रोजाना की तरह शनिवार को भी रात में 10 बजे दुकान से लगे घर में जाकर भोजन करने के बाद में सो गए। रात में करीब एक से दो बजे के बीच रात्रि में शॉपिंग सेंटर की छत से चढक़र आधा दर्जन नकाबपोश बदमाश हथियार बंद उनके आंगन में कूद गए। घर का दरवाजा खुलने के बाद घर वालो के साथ धक्का मुक्की करते हुए अवधेश शुक्ला को कट्टा से फायर करने की धमकी देते हुए रस्सी से महिलाओं के हाथ बांधकर हथियार लहराते हुए घर में घर में रखे समान को तितर वितर करते हुए करीब पांच लाख रूपये नगदी एवं अवधेश शुक्ला की सोने की अंगूठी तथा बच्ची के नाक की किल व अन्य सामान लेकर फरार हो गए। पीड़ित परिवार ने रात में ही मोरवा थाना एवं झिगुरदा सिक्योरिटी को फोन पर घटना की जानकारी दी। घटना की सूचना मिलने के बाद रात में ही पुलिस एवं एनसीएल सुरक्षा बल की टीम पहुंचकर आरोपितो की तलाश शुरू कर दी लेकिन कही रता पता नही चला।



**टीआई स्थल पहुंच परिजनों से की पूछताछ**

रविवार की सुबह मोरवा थाना प्रभारी कपूर त्रिपाठी दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर परिवार जनो से पूछताछ कर आरोपियो के बारे में जानकरी लिए।

आरोपियों की जल्द पकडने का पीड़ित परिवार को आश्वासन भी दिया गया। अभी एक सप्ताह के अन्तराल में मोरवा थाना क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 8 स्थित किराना दुकान में चोरो ने सेंधमारी कर लाखो रुपये का सामान चोरी किया था। जिसे पुलिस ने पकडक़र जेल भेज दिया था लेकिन शनिवार की रात किराना व्यापारी के घर में जिस तरह की वारदात हुई उससे लोगो में दहशत व्याप्त है। इस तरह की वारदात मोरवा क्षेत्र में एक दशक पहले हुआ था। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात नकाबपोश बदमाशो की तलाश शुरू कर दिया है।

# बैगा परिवार व महिलाओं के साथ मारपीट करने पर एएसआई निलंबित

**सिंगरौली।** सरई थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी बरका में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक रामजी पाण्डेय को पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता ने निलंबित कर दिया है। सहायक उप निरीक्षक पर आरोप है कि बैगा परिवार सहित अन्य कई लोगों के साथ मारपीट कर रहा था। जिसकी कई शिकायतें एसपी के यहां पहुंची थी। उक्त कार्रवाई की पुष्टि पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता ने की है। दरअसल जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी बरका में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक रामजी पाण्डेय पर एक बैगा जाति युवक के साथ-साथ पुलिस ने जमकर मारपीट किया था। जिसकी शिकायत एसपी दफ्तर में पहुंची। युवक के आँख में गंभीर चोटें आई थी। जिसका एएसपी के माध्यम से मेडिकल भी कराया गया। वही यह भी आरोप है कि सहायक उप निरीक्षक अन्य लोगों के साथ-साथ व्यापारियों एवं महिलाओं के साथ भी मारपीट करता था। शिकायतों के आधार पर जांच कराई गई आरोप सही मिलने पर एसपी ने सहायक उप निरीक्षक को निलंबित कर दिया है। यहां बताते चले की पिछले वर्ष सहायक उप निरीक्षक खुटार चौकी में पदस्थ था। उस दौरान कई लोगों के साथ मारपीट किया था। वही उस समय चर्चा थी की तैस में आकर एक परिवार पर रिवाल्वर तक तान दिया था। हालांकि फिर पटाक्षेत्र केबाद मामला शांत हो गया था इन्ही आरोपों में सहायक उप निरीक्षक को एसपी के द्वारा लाईन अटैच कर दिया गया था।

### इनका कहना

*सहायक उप निरीक्षक पर कई आवेदको द्वारा मारपीट करने का शिकायत की गई थी। जांच उपरांत आरोप सही मिलने पर सहायक उप निरीक्षक को निलंबित कर दिया गया है।*

**शिवकुमार वर्मा,एएसपी,**
**सिंगरौली**

# 9 लाख की हिरोइन के साथ 2 आरोपियों को विन्ध्यनगर पुलिस ने पकड़ा, मामला दर्ज

## पड़ोसी राज्य से लाकर जिले में कर रहे थे अवैध मादक पदार्थ का कारोबार

**सिंगरौली**

बीते शनिवार सिंगरौली जिले की विन्ध्यनगर पुलिस ने यूपी के सोनभद्र जिले से सिंगरौली में बिक्री हेतु आ रही अवैध मादक पदार्थ की बड़ी खेप पकड़ी है। पुलिस ने बाइक में सवार 2 आरोपियों से करीब 9 लाख की हीरोइन के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। सिंगरौली पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता द्वारा अवैध मादक पदार्थों पर लगाम लगाने हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक




शिवकुमार वर्मा एवं सीएसपी पीएस परस्ते के मार्गदर्शन में कार्यवाही करते हुए विन्ध्यनगर निरीक्षक अर्चना द्विवेदी ने 98 ग्राम अवैध मादक पदार्थ स्मैक (हेरोईन) कीमती 9 लाख रूपए एवं 1 नग पल्सर मोटर सायकल के साथ 2 लोगों को पकड़ा है। जानकारी अनुसार विन्ध्यनगर पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि 2 व्यक्ति पल्सर मोटर सायकल से शक्तिनगर उत्तरप्रदेश से मटवई कालोनी तरफ अवैध मादक पदार्थ बिक्री करने के आ रहे हैं। जिसकी सूचना पर तत्काल एक टीम गठित कर मौके पर रवाना किया गया जहां पर मुखबिर द्वारा बताए गए सूचना पर मोटर सायकल सवार संदेहियों को घेराबंदी कर दीपक कुमार भारती पिता गुलाब भारती उम्र 32 वर्ष निवासी डिबुलगंज थाना अनपरा एवं विक्रान्त भारती पिता बृजेश भारती उम्र 20 वर्ष निवासी शक्तिनगर निमियाडाड़ बस्ती थाना शक्तिनगर जिला सोनभद्र (उप्र) को पकड़ा। दोनों के संयुक्त कब्जे से कब्जे से 98 ग्राम अवैध मादक पदार्थ हीरोइन जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक अर्चना द्विवेदी, सहायक उपनिरीक्षक रमेश प्रजापति, सुनील कुमार दुबे, प्रधान आरक्षक पंकज सिंह, बृजेश सिंह, हेमराज पटेल, कृष्णकुमार पाण्डेय, आरक्षक प्रताप कुमार पटेल, अमलेश सिंह, भोले लोधी का सराहनीय योगदान रहा।

# अगस्त माह में एनसीएल से सेवानिवृत्त हुए कर्मियों के सम्मान में आयोजित किया अभिनंदन समारोह

**सिंगरौली।** नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) से अगस्त माह के अंत में 5 अधिकारियों व 35 कर्मचारियों सहित कुल 40 कर्मी सेवानिवृत्त हुए। एनसीएल मुख्यालय से सुरक्षा और बचाव विभाग में पदस्थ वरीय निजी सचिव सोमारू प्रसाद कौशल सेवानिवृत्त हुए । बुधवार को मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एनसीएल के निदेशक




(कार्मिक) मनीष कुमार एवम् निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, मुख्यालय के विभागाध्यक्ष, अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण तथा सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के परिजन उपस्थित रहे 7इस अवसर पर अपने उद्बोधन में निदेशक (कार्मिक) मनीष कुमार ने सोमारू प्रसाद के कार्यालयीन, सामाजिक और निजी जीवन में सफल होने पर बधाई दिया । साथ ही किसी भी आवश्यकता पर एनसीएल द्वारा हमेशा सहयोग करने के का भरोसा देते हुए आगे के जीवन के सपरिवार सुखद और सुखमय होने की कामना की । इस अवसर पर निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण ने कहा कि सोमारू प्रसाद कार्यालयीन और सामाजिक जीवन में पूरी तरह से मुस्तैद रहे । आपकी कर्तव्यनिष्ठा के लिये एनसीएल की ओर से आभार व्यक्त किया । साथ ही स्वस्थ और सुखमय आगामी जीवन की कामना किया ।

कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत्त हुए कर्मी सोमारू प्रसाद ने अपने लंबे कार्यालयीन जीवन के अनुभवों को सभी के साथ साझा किया और अपनी उपलब्धियों का श्रेय एनसीएल को दिया । गौरतलब है कि एनसीएल के विभिन्न कोयला क्षेत्रों व इकाइयों में सेवानिवृत्त कर्मियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ।

# खेलो इंडिया वेस्ट जोन सीनियर वुशु प्रतियोगिता में सिंगरौली की बेटी ने जीता कांस्य पदक

**सिंगरौली।** सिंगरौली की बेटी वंदना प्रजापति ने मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए खेलो इंडिया वेस्ट जोन सीनियर वुशु वूमेन लीग में कांस्य पदक पर कब्जा जमा कर ऐतिहासिक सफलता अर्जित किया है। वही खुशबू साकेत बेस्ट फाइव एवं अर्पिता विश्वास बेस्ट सातवां स्थान पर रही। उपरोक्त प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश के मेरठ में साई एवं भारतीय वुशु संघ के दूसरी बेस्ट जोन खेलो इंडिया सीनियर वुशु प्रतियोगिता आयोजित किया गया था। मध्य प्रदेश वुशु संघ की सचिन व भारतीय वुशु दल की



प्रशिक्षिका विश्वामित्र अवॉर्डी सारिका गुप्ता के मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश की टीम ने मेरठ में हिस्सा लिया था। इस उपलब्धि पर सिंगरौली जिला वुशु एसोसिएसन के अध्यक्ष अमित राज, ऊर्जांचल स्केटिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष शक्ति मौर्य, सेल्फ डिफेंस ग्रुप की सीईओ नम्रता सिंह, उपाध्यक्ष एस.के. दुबे, मार्शल आर्ट एकेडमी के अध्यक्ष जम्मू बेग, गोपालजी श्रीवास्तव, श्रीमती शिखा दुबे, जिला कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष डॉ प्रदीप कछुवाहा, ब्रह्मदेव चौरसिया,एनटीपीसी विंध्य क्लब के महासचिव वेद प्रकाश, वीवा क्लब के महासचिव सौरव कुमार, कुलदीप वैश्य, श्रीमती इंदू सिंह, मीनू सिंह आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# ट्रक चालको से अवैध वसूली करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**सिंगरौली।** जयंत बस पड़ाव पर चालको से अवैध वसूली करने वाले आरोपी को जयंत पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक निवेदिता गुप्ता के निर्देशन में जयंत चौकी प्रभारी अभिषेक पाण्डेय ने की है।

चौकी प्रभारी श्री पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत कुछ दिनों से बस पड़ाव जयंत में ट्रक चालको से अवैध वसूली करने की सूचना मिल रही थी। सूचना उपरांत जयंत पुलिस ने लगातार नजर बनाए हुयी थी। जहां 31 अगस्त की रात्रि में गस्त के दौरान सूचना मिली की बस पड़ाव जयंत में एक व्यक्ति ट्रक चालको से अवैध वसूली कर रहा है। जिसकी तस्दीक के लिए स्टाफ को मौके पर भेजा गया,जहां ट्रक चालक इकट्ठा होकर बोल रहे थे के यही व्यक्ति रात में आता है तथा अवैध वसूली करता है और न देने पर वाद विवाद करता है। पुलिस ने आरोपी रमाशंकर दुबे पिता भगवान दास दुबे निवासी बस पड़ाव जयंत को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया,जहां न्यायालय से जेल भेज दिया गया है। इस कार्यवाही में सउनि उत्तम सिंह,रवि गोस्वामी,प्रआर विष्णु रावत,आर जीवन सिंह भाटी व सैनिक रमेश द्विवेदी की भूमिका रही।

# सरई पुलिस ने पेयजल से जुड़े सामान की चोरी करने वाले कबाड़ी गिरोह के सात सदस्यों को किया गिरफ्तार

## चोरी का सामना खरीदने वाले कबाड़ी ने चोरी घटना का खोला राज, सरई पुलिस का बडा खुलासा

**सिंगरौली।** सरई थाना क्षेत्र अंतर्गत ठरकठेला गांव में बन रहे पानी की टंकी के समान और झुण्डिहवा गांव से बिजली तार चोरी सहित अन्य चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया हैं। चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरफ्तार आरोपी की पहचान कमलेश गुप्ता के रूप में हुई है जो कबाड़ की दुकान चलाता है और अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से चोरी के घटनाओं को अंजाम देता था। आरोपी के कब्जे से दो लाख तीस हजार का सामान सहित पिकअप वाहन भी बरामद किया गया है।




मिली जानकारी के अनुसार सरई थाना क्षेत्र अंतर्गत लगातार हो रही चोरियों से परेशान पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा एवं एसडीओपी देवसर राहुल कुमार सैयाम के मार्गदर्शन में उपनिरी. मनोज सिंह द्वारा एक टीम गठित कर चोरी के अलग-अलग चार मामलों में सात आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी किए गए सामान को बरामद करने में सफलता हासिल की है। एडिशनल एसपी ने कहा कि चोरी केस खुला से में शामिल पुलिस कर्मियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

ठरकठेला गांव में बन रहे पानी की टंकी के समान और झुण्डिहवा गांव से बिजली तार चोरी सहित अलग-अलग चार मामलों में हुई शिकायत के बाद पुलिस जगह-जगह दविस दे रही थी। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कमलेश गुप्ता पिता रामलाल गुप्ता उम्र 32 वर्ष निवासी बड़ोखर थाना बरगवां का बड़ोखर में कबाड़ की दुकान चलाता है और चोरी का सामान खरीदता है । संदेही कमलेश गुप्ता से सख्ती से पूछताछ किया गया तो उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। कबाड़ी ने बताया कि वह बडोखर में कबाड की दुकान किया हूं। ग्राम गन्नई के राजबली साकेत से मेरी अच्छी जान पहचान है। राजबली साकेत थाना सरई एवं चौकी क्षेत्र के चोरी लायक सामानों का लोकेशन मुझे देता है, जहां मैं व मेरे साथ काम करने वाले लडके बुद्ध बियार पिता रामकृपाल बियार, प्रकाशचंद पाल पिता श्यामलाल पाल, आनंद कुमार पाल पिता सिपाही लाल पाल, बाबूजी कुमार साकेत पिता संतराम साकेत, अच्छेलाल साकेत पिता रामनरेश साकेत, दिलीप कुमार पाल,नंदलाल पाल के साथ मिलकर सामान की चोरी करते थे। पकड़े गए सभी आरोपी बडोखर के है। कबाड़ी कमलेश साकेत ने बताया कि पिछले दिनों ठरकठेला गांव में बन रहे पानी की टंकी निर्माण में लगने वाला लोहे के पाइप व झुण्डिहवा गांव के खंभे से पच्चीस सौ मीटर बिजली तार काट कर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लोहे की पाइप सहित तार जप्त कर लिया हैं। 250 मीटर रेबिट कंडक्टर कीमती 800 रूपए, तार 300 मीटर कीमती 2300- रूपये, स्टील बायलर लोहे का 10 नग, बर्टीकल लोहा के 200 नग, ब्रेसिग लोहे के 90 नग, यूहेड 100, यूनिबसल जैक लोहे का 110 नग, गलैण्डर- 1 नग कीमती 60000 रूपये , वाकवे जाली 10 नग, वाकवे जाली लंबाई 08 नग, वर्टिकल लंबाई 13 नग, बेंसिग लंबाई 27 नग, क्यूबमोल्ड 5 नग, प्लेट लंबाई 10 नग, प्लेट 12 नग, प्लेट 250, 1200 का 10 नग, तगाड़ी 9 नग, फंटी 2 नग, जीआई. तार 20 केजी, एईडी लाइट 1 नग, केवल 30 मीटर , ग्लेन्डर मशीन1 नग, सरिया रिंग 250 नग, वाकवे जाली लंबाई 1100 का नग , यू हेड 16 नग कीमती दो लाख सहित एक चार लाख कीमत की एक पिकअप वाहन जप्त किया गया। एसआई मनोज सिह थाना सरई, चौकी प्रभारी तिनगुड़ी एसआई आर. के वर्मा उपनिरीक्षक सूर्यपाल सिह, सुरज सिह, पुलिस चौकी प्रभारी बरका, एएसआई उपेन्द्र भदौरिया, एएसआई कमलेश प्रजापति, पुष्पागिरी, प्रआ. आशीष त्रिपाठी, दिलेन्द्र यादव, नीरज सिह, हरिभजन सिह, विजय तिवारी, आरक्षक धीरज कुमार, सदन कुमार, अशोक यादव, बबलू यादव, रिकू धाकड़, धन सिह डाबर, तेजभान सिह, लोकेन्द्र सिह, मनीष, किरण मवासे, की सराहनीय भूमिका रही है।

# मोर्चा, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी जूटे सदस्यता अभियान में, लक्ष्य पूर्ति करें सुनिश्चित : सांसद

**सीधी।** भारतीय जनता पार्टी के मोर्चा प्रकोष्ठों की जिला स्तरीय संयुक्त कार्यशाला लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा के मुख्य आतिथ्य, भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता एवं मध्य प्रदेश भाजपा के प्रदेश मंत्री और जिला संगठन प्रभारी राजेश पाण्डेय, धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम की विशिष्ट उपस्थिति में ओम साई पैलेस शहडोल बाईपास मार्ग पर संपन्न हुई।

मोर्चा प्रकोष्ठकों की संयुक्त कार्यशाला को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि मोर्चा और प्रकोष्ठ पार्टी का महत्वपूर्ण अंग है। सदस्यता अभियान में मोर्चा और प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण जिम्मेवारी है। कल से शुरू होने वाले पार्टी के संगठन पर्व में मोर्चा और प्रकोष्ठ के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता निर्धारित लक्ष्य के साथ गाजे बाजे और उत्साह के साथ सदस्यता अभियान में जुटे।



## उत्सव के रूप में मनाए सदस्यता अभियान को : देव कुमार

लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि जो व्यक्ति मेरे रेफरल कोड से 5000 से अधिक सदस्य बनाए, उसे में ऐतिहासिक या फिर धार्मिक स्थल की हवाई यात्रा पर भेजूंगा। जिसका उपस्थित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने तालिया की गड़गड़ाहट के साथ अभिनंदन किया।

सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने कहा कि मुझे आज वायरल फीवर होने के बावजूद आप सभी से मिलने की तमन्ना आपके बीच मुझे खींच लाई है। मेरे सांसद बनने के पश्चात मैं आप सभी से एक साथ रूबरू होने के लिए लालायित था। आप सभी को दोनों हाथ जोड़कर शानदार विजय श्री दिलाने के लिए प्रणाम करते हुए अभिनंदन करता हूं।

भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने अध्यक्षीय उद्बोधन मे कहा कि पार्टी की सदस्यता को हम संगठन पर्व के रूप में मना रहे हैं, इसलिए पार्टी की सदस्यता अभियान को एक उत्सव के रूप में संपादित करें। प्रथम चरण में ही हमारी सदस्यता का लक्ष्य पूर्ण होना चाहिए, इसके लिए आप सभी पूर्ण मनोयोग से जुट कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने, भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए, पार्टी की सदस्यता अभियान में जुटे।

भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश के प्रदेश मंत्री एवं जिला संगठन प्रभारी राजेश पांडे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक लोकतांत्रिक पार्टी है, इसलिए पार्टी के अंदर भी सदस्यता, अध्यक्ष निर्वाचन, कार्यकारिणी गठन आदि प्रक्रिया होती है। पार्टी कार्यकर्ता आधारित होने के कारण, हमने अपने कार्यकर्ताओं को त्रिदेव और पंच परमेश्वर की संज्ञा से नवाजा है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप सभी पूर्ण मनोयोग से कार्य को संपादित करते हुए पार्टी के सदस्यता लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा से पूर्व ही प्राप्त कर लेंगे।

### प्रतिदिन एक घंटा सदस्यता के लिए : कुंवर सिंह

धौंहनी विधानसभा के विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने कहा कि एक मोर्चे पर सेना लड़ती है जो बॉर्डर कहलाता है और दूसरे मोर्चे पर जो पार्टी का मोर्चा होता है वह पार्टी के लिए समर्पित भाव से पार्टी के कार्यों को सफलतापूर्वक संपन्न करता है। हर हितग्राही भाजपा का सदस्य होना ही चाहिए और एक भी हितग्राही पार्टी की सदस्यता अभियान से न छूटे। सभी पार्टी पदाधिकारी प्रतिदिन कम से कम 1 घंटा पार्टी की सदस्यता अभियान को करने के लिए दें और शानदार सफल सदस्यता करें।

कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री अशोक पटेल एवं आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री विनोद साकेत ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सदस्यता अभियान के जिला प्रभारी अनिल पांडे, विभिन्न मोर्चो के प्रभारी जिला उपाध्यक्ष डॉ विक्रम सिंह चौहान, अंजू पाठक, प्रमोद द्विवेदी, सुरेश सिंह चौहान, प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक जितेन्द्र सिंह चौहान, जनपद उपाध्यक्ष सुमन सिंह, जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्र मणि दुबे, मोर्चा के अध्यक्ष निशांत मिश्रा, पूनम सोनी, राजमणि साहू, लोरिक प्रसाद यादव, राकेश मौर्या, चंद्रपाल सिंह उइके, पुन्नू खान, मोर्चे के प्रदेश कार्य समिति सदस्य शंकर सोनी, नीलम पांडे, अखिल सिंह चौहान, अंबुज पांडे, अजीत धर द्विवेदी, डॉक्टर मनोज सिंह परिहार, मनोज तिवारी, जितेंद्र तिवारी सहित है विभिन्न मोचन के मोर्चा एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी सैकड़ो की संख्या में उपस्थित रहे है।

# सतनरा विद्यालय में मटकी फोड़ का कार्यक्रम आयोजित, प्रभु की महत्ता पर डाला प्रकाश



**सीधी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सतनरा कठास में विद्यार्थियों के सर्वागिंण विकास हेतु समय समय पर विविध प्रकार के मनोरंजन पूर्ण कार्यक्रम एवं खेलो का आयोजन होता रहता है। इसके साथ ही जगत के पालन हार प्रभु श्री कृष्ण के जीवन की अच्छाईयों को बच्चों के दिलों में हमेशा के लिये विराजमान करने हेतु विद्यालय परिवार द्वारा सार्थक पहल की गयी। जिसकी ग्रामीणों एवं अभिभावको ने ह्दय से सराहना की है। विद्यालय परिवार की ओर से श्रवण शुक्ल ने बताया कि श्री कृष्ण जन्मोत्सव के पावन अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सतनरा कठासा के प्राचार्य अनिल कुमार मिश्रा द्वारा प्रभु के महत्ता के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। इसके उपरांत रविशंकर शुक्ला के मार्गदर्शन में विद्यालय परिसर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव बड़े हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम भगवान श्री कृष्णा की पूजा अर्चना कर दीप जलाकर संस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विद्यालय के कई विद्यार्थियों ने कृष्ण रूप सजा में भाग लेकर भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का नाट्य मंचन हुआ। इसके उपरांत मटकी फोड़ कार्यक्रम में छात्रों ने बड़े उत्साह पूर्वक भाग लियें। आयोजित कार्यक्रम को सफलतम रूप देने में विद्यालय के शिक्षक श्री पांडेवा, स्वयंवर सिंह, नंदलाल प्रजापति, रेखा सोंधिया, कृष्णा बहेलिया, विनोद कुमार गुप्ता, गरिमा पांडे, हेमलता बिसेन, देवेंद्र साहू, एसके बंसल, बीके वर्मा, शिवराज सिंह, गौरव सक्सेना, बृजेश सोंधिया, योगेंद्र यादव आदि की भूमिका सराहनी रही। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों को 2100 रूपए की पुरूस्कार राशि से पुरूस्कृति किया गया।

# गांव-गांव पहुंच रहा है पी एम जनमन रथ



**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशानुसार आई ई सी कैंपेनिंग के तहत दिनांक 23 अगस्त से पीवीटीजी बैगा ग्रामों में सेचुरेशन कैंप आयोजित हो रहे है। कैम्पों में आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड आदि बनाए जा रहे है। इसके अतिरिक्त प्रचार-प्रसार के लिए पीएमजनमन रथ गांव-गांव मे पहुंच रहा है, जिसके माध्यम से योजनाओं का प्रचार-प्रसार हो रहा है। इसके अतिरिक्त सेल्फी प्वाईंट के माध्यम से भी योजनाएं जन-जन तक पहुंच रही है। एक सितंबर को पीएमजनमन रथ सिहावल ब्लाक के खोचीपुर, झोलूटोला, समरदह, तरका, डोल, बहरी, कुसेड़ा खुटेली, ओदरा और व्यवहारखांड़ आदि गावों में पहुंचा। कैम्पों में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी आदि पहुंच रहे हैं, जिनके द्वारा योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

# देश भर के शिक्षक,कर्मचारी अधिकारी एनपीएस, यूपीएस का विरोध 02 से 06 सितम्बर 2024 तक काली पट्टी बांध कर करेंगें : जय भारत

**सीधी।** केन्द्र सरकार ने 24 अगस्त 2024 को केन्द्रीय कर्मचारियों अधिकारियों के लिए नेशनल पेंशन स्कीम के स्थान पर यूनिफाइड पेंशन स्कीम की घोषणा कर दी माननीय प्रधानमंत्री की घोषणा के तुरंत बाद से देश भर में केंद्रीय व राज्य के शिक्षक कर्मचारी अधिकारी ने विरोध करना शुरू कर दिया।

यूनिफाइड पेंशन स्कीम, नेशनल पेंशन स्कीम से ज्यादा खराब हैं, शिक्षक कर्मचारी अधिकारी इसका विरोध 02 से 06 सितंबर 2024 तक देश के समस्त शासकीय प्रतिष्ठानों में शिक्षक कर्मचारी अधिकारी काली पट्टी बांध कर अपने शासकीय दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

श्रीमान विजय कुमार बंधु राष्ट्रीय अध्यक्ष की अध्यक्षता में 27/08/2024 को राष्ट्रीय कार्यकारिणी की मीटिंग में यूनिफाइड पेंशन स्कीम के विरोध करनें का प्रस्ताव पारित पर माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार से पुरानी पेंशन स्कीम बहाल करने का आग्रह किया गया है।

श्रीमान विजय कुमार बंधु राष्ट्रीय अध्यक्ष के नैतृत्व में 29/08/2024 को नो एन.पी.एस.नो यू.पी.एस. वन ली ओ.पी. एस. का हेंस ट्रेक ट्रेडिंग किया गया जो पांच घण्टे तक प्रथम स्थान में रहा है।

ज्ञातव्य होवे की माननीय अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने 2004 में केन्द्र व 2005 से राज्य की सरकारों ने नेशनल पेंशन स्कीम लागू किया जिसमें सेवानिवृत्ति पर पेंशन 1000 से 1200 रूपए मिलते थें जिसका विरोध देश भर में हो रहा है। यूनिफाइड पेंशन स्कीम मोदी सरकार का तत्काल से विरोध देश भर के केन्द्रीय व राज्य शिक्षक, कर्मचारी,अधिकारी कर रहे हैं।

माननीय नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री से देश के एक करोड़ शिक्षक कर्मचारी अधिकारी अपील करते हैं कि पुरानी पेंशन स्कीम बहाल करने की घोषणा करें जो देश भर के केन्द्रीय व राज्य के शिक्षक कर्मचारी अधिकारी आन्दोलन रत हैं।

नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम ने घोषणा किया है कि जब तक पुरानी पेंशन बहाल होते तक हमारा आन्दोलन जारी रहेगा।

मध्यप्रदेश में परमानंद डेहरिया राष्ट्रीय सचिव प्रांताध्यक्ष के नैतृत्व में समस्त जिला अध्यक्षों व प्रांतीय पदाधिकारियों व सदस्यों के सहयोग से राष्ट्रीय घोषित कार्यक्रमों को सफल आयोजन करेंगे।

मध्यप्रदेश की प्रांतीय कार्यकारिणी की मीटिंग में यूनिफाइड पेंशन स्कीम का विरोध काली पट्टी बांध कर 02 से 06 सितंबर 2024 तक करने का प्रस्ताव पारित किया गया है।

शिक्षक कर्मचारी अधिकारी अपने कर्तव्य स्थलों पर काली पट्टी बांध कर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

जिले के सभी विभागों के कर्मचारी अधिकारी से आग्रह है कि यूनिफाइड पेंशन स्कीम का विरोध एवं पुरानी पेंशन स्कीम का समर्थन करेंगे। एनएमओपीएस के प्रांतीय प्रवक्ता अभयराज योगी, सुरेश पाण्डेय एवं जिला ब्लॉक के समस्त पदाधिकारियों ने आंदोलन को सफल बनाने की विनम्र अपील की है।

## जादू नहीं विज्ञान है- समझना समझाना आसान है

# समाज मे व्याप्त अंध विश्वास को दूर करने के उद्देश्य से स्कूलो में विज्ञान के प्रति जागरूकता अभियान गतिविधि का होगा आयोजन

**सीधी।** जिले के शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्ड्री स्कूलों में विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रूचि जागृत करने उनके वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने और विभिन्न चमत्कारिक घटनाओं के पीछे निहित विज्ञान के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से वर्ष भर इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इन गतिविधियों के माध्यम से जहां बच्चों में विज्ञान विषय के प्रति अरूचि या डर दूर होकर रूचि जागृत होगी वहीं विद्यार्थियों के माध्यम से जन सामान्य के बीच व्याप्त अंधविश्वास को दूर करने में भी मदद मिलेगी यही इस कार्यक्रम का मुख्य एवं व्यापक उद्देश्य है।

डॉ सुजीत कुमार मिश्र एपीसी रमसा ने जानकारी दे कर बताया कि इस कार्य हेतु जिले के सभी विद्यालयों के विज्ञान शिक्षकों का जिला स्तर पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण भी किया जाएगा। जादू नहीं विज्ञान है अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों जैसे क्यों फोटो से भभूत गिरता है, बिना माचिस के आग कैसे लगती है, पानी में शोले उठने का करतब, आग हथेली पर रखने से क्यों जलता, आग के गोले कैसे खा लेते हैं, नारियल से आग उत्पन्न करना, थर्माकोल गायब करना यह कोई जादू नही है बल्कि विज्ञान है। इस प्रकार की वैज्ञानिक गतिविधियां सभी स्कूलों में आयोजित की जाएगी। गतिविधियों का आयोजन सभी शालाओं में एक दिवसीय विज्ञान मेले के रूप में भी किया जायेगा। यह आयोजन ब्लॉक और जिला स्तर पर भी आयोजित किया जाएगा।

# सीधी में साथी की बकरी को बचाने बाघ से भिड़ा 60 साल का चरवाहा, बचाई जान

**सीधी।** संजय टाइगर रिजर्व की धुबरी रेंज के चिलगवाह कोर एरिया में कुछ चरवाहे मवेशी को चराने गए थे। इनमें कुछ के साथ बकरियां रहीं, तो कुछ गोवंश को चरा रहे थे। इसी दौरान जंगल में छिपे बाघ ने अचानक एक बकरी पर हमला कर दिया, लेकिन जिसकी बकरी थी, वो चरवाहा थोड़ा दूर था। लिहाजा पास में मौजूद चरवाहा बकरी को बचाने के लिए बाघ से भिड़ गया।

बाघ ने बकरी को छोड़कर उस चरवाहे को दबोच लिया। इस दौरान हल्ला होने पर अन्य चरवाहे भी मौके पर पहुंच गए और एक साथ बाघ पर टूट पड़े। फलस्वरूप बाघ चरवाहे को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। रीवा मेडिकल कालेज में घायल चरवाहे का उपचार चल रहा है।

कुसमी थाना क्षेत्र के चिलगवाह में रहने वाला रामनिवास भुरतिया (60 वर्ष) अपने साथियों रामसुखी भुरतिया, प्रेमलाल भुरतिया और रामयज्ञ भुरतिया के साथ गाय चराने के लिए कोर एरिया में गया था। इसी दौरान रामसुखी की बकरी पर बाघ ने हमला कर दिया। पास में ही मौजूद रामनिवास ने लाठी लेकर बाघ से बकरी को बचाने का प्रयास किया तो बाघ ने बकरी को छोड़ रामनिवास पर अटैक कर दिया। इसी बीच रामनिवास के अन्य साथी भी वहां पहुंच गए और सभी एक साथ बाघ पर टूट पड़े। इसके बाद बाघ घबरा गया और रामनिवास को छोड़ जंगल की ओर भाग गया।

इस घटना की सूचना तत्काल वन अमले को दी गई, जिसने मौके पर पहुंच कर घायल राम निवास को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उसके हाथ, पैर व पीठ पर गंभीर घाव होने की वजह से जिला अस्पताल से उसे रीवा मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया।

# चितरंगी पुलिस ने महज 4 घंटो में रीवा से नाबालिग बालक को दस्तयाब कर परिजनों को किया सुपुर्द

**सिंगरौली।** मप्र शासन व पुलिस मुख्यालय द्वारा भोपाल द्वारा महिलाओ व बच्चो के विरुद्ध होने वाली घटनाओ में शीघ्र एवं प्रभावी कार्यवाही करने हेतु आवश्यक निर्देश प्रसारित किए गए है, जिसको दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक जिला सिंगरौली श्रीमती निवेदिता गुप्ता द्वारा दिये गये निर्देशो के पालन में जिला स्तरीय विशेष अभियान ऑपरेशन मुस्कान किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशो के पालन में शिव कुमार वर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला सिंगरौली, आशिष जैन एसडीओपी चितरंगी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चितरंगी सुरेन्द्र यादव व पुलिस टीम ने बालिकाओं को दस्तयाब कर परिजनो को किया सुपुर्द।

जानकारी मे बताया गया कि थाना प्रभारी चितरंगी सुरेन्द्र यादव के द्वारा पुलिस टीम गठित कर कंट्रोल रूम रीवा की सहायता से नाबालिग किशोर को महज 4 घंटो में दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। बताया जा रहा है। की नाबालिक किशोर चितरंगी में अपने पिता के साथ किराए के मकान में रहता था। वह अपने घर से काम करने के उद्देश्य से पुणे के लिए निकला था। जैसे ही चितरंगी पुलिस को पिता के माध्यम से नाबालिक बालक के घर से बिना बताए निकलने की सूचना प्राप्त हुई वैसे ही चितरंगी पुलिस एक्शन मोड में आ गई और तत्काल ही पुलिस अधीक्षक के बताए अनुसार कार्यवाही कर नाबालिक बालक को रीवा कंट्रोल रूम के माध्यम से दस्तयाब कर लिया गया। उक्त कार्यवाही मे उप निरीक्षक सुरेंद्र यादव, सउनि मोहन पनाडिया,आरक्षक भैया लाल,जितेंद्र तिवारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# लोगों की समस्याओं एवं शिकायतो का निराकरण प्राथमिकता से करें अधिकारी : कमिश्नर

**शहडोल।** कमिश्नर शहडोल संभाग श्री श्रीमन शुक्ल ने कमिश्नर कार्यालय के सभागार में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में शहडोल संभाग के दूर-दराज के क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं एवं षिकायतें सुनी तथा समस्याओं और षिकायतों के निराकरण करने के लिए समय-सीमा निर्धारित करते हुए समस्या मूलक आवेदन संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किए। जनसुनवाई कार्यक्रम में लोगों के आवेदनों की सुनवाई करते हुए कमिष्नर ने अधिकारियों को निर्देष दिए कि जनसुनवाई कार्यक्रम में षिकायतें और समस्याएं लेकर आने वाले लोगों की समस्याओं और षिकायतों का निराकरण प्राथमिकता के साथ कराएं। कमिष्नर ने कहा कि आम लोगों की समस्याओं और षिकायतों के निराकरण के लिए जनसुनवाई एक अच्छा कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम का लाभ जरूरतमंद लोगों को मिलना चाहिए। साप्ताहिक जनसुनवाई में उमरिया जिले के ग्राम अतरिया पोस्ट बिलासपुर निवासी श्री गंभीर सिंह ने कमिश्नर को आवेदन देकर बताया कि ग्राम अतरिया की पटटे की भूमि जलाशय अंतर्गत डूब क्षेत्र में है, जिसके मुआवजा के लिये नायब तहसीलदार विलासुपर को आवेदन दे चुका हूं किन्तु अभी तक मुआवजा की राशि प्रदान की नही की गई है। उनका कहना था कि मुझे जलाशय अंतर्गत डूब क्षेत्र में भूमि का मुआवजा दिलवाया जाए। जिस पर कमिश्नर ने संबंधित अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में शहडोल जिले के ग्राम खौहाई ग्राम पंचायत खम्हरिया निवासी श्री बाबूलाल सिंह ने आवेदन देकर कमिश्नर को बताया कि मै पटवारी एवं आर आई को कई बार भूमि सीमाकंन के लिए आवेदन दिया लेकिन अभी तक भूमि सीमाकंन का कार्य नही किया गया। उनका कहना था कि मेरे भूमि का सीमांकन कराया जाए। जिस पर कमिश्नर ने तहसीलदार सोहागपुर की आवेदन प्रेषितत कर 7 दिवस में कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में शहडोल जिले के ग्राम हरदी-32 निवासी श्री भैया लाल कुम्हार ने कमिश्नर को आवेदन देकर बताया कि मेरे भूमि में चल रहे विवाद के निराकरण हेतु कलेक्टर कार्यालय में आवेदन दिया परन्तु अभी तक कोई कार्यवाही नही की गई।

# एसडीएम चितरंगी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण

**सिंगरौली।** चितरंगी अनुभाग के चिकित्सा संस्थानों में महिला सुरक्षा के दृष्टिगत गठित अनुभाग स्तरीय समिति द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चितरंगी का निरीक्षण सुरक्षा संबंधी जायजा लिया गया द्य एसडीएम सुरेश जादव ने जानकारी देते हुए बताया कि निरीक्षण के दौरान महिला स्वास्थ्य कर्मियों से रूबरू हो कर बीएमओ को आवश्यक निर्देश में सीसीटीवी कैमरे लगे होने साथ साथ चालू रहने व न लगे हों तो लगवाए जाने के निर्देश दिये गए तो वहीं एसडीओपी आशीष जैन भी सुरक्षा के दृष्टि से आपातकालिक स्थिति होने पर अपने मोबाइल नंबर को उपलब्ध कराया इसके अलावा गोपनीय रूप से भी शिकायत करने की समझाइश दी गई। इस दौरान एसडीएम, सुरेश जादव एसडीओपी,आशीष जैन तहसीलदार, श्रषि नारायण सिंह सहित बीएमओ, सीडीपीओ अन्य उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी विंध्याचल स्पोर्ट्स काउंसिल द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर औद्योगिक मैत्री बैडमिंटन टूर्नामेंट का किया गया आयोजन

**सिंगरौली**

भारत सरकार के दिशानिर्देशनुसार हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन 26 अगस्त से 31 अगस्त तक किया जा रहा है। इसी कड़ी में एनटीपीसी विंध्याचल के स्पोर्ट्स काउंसिल द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है जिसमें दिनांक 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के उत्सव के रूप में औद्योगिक मैत्री बैडमिंटन टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। स्पोर्ट्स काउंसिल द्वारा आयोजित यह रोमांचक कार्यक्रम औद्योगिक समुदायों के बीच सौहार्द बढ़ाने और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने में खेल के महत्व को रेखांकित करता है। इस टूर्नामेंट में एनटीपीसी विंध्याचल, एनटीपीसी रिहंद, एनटीपीसी सिंगरौली, रिलायंस पावर (सासन), अदानी पावर (सिंगरौली), हिंडाल्को (महान एल्युमीनियम), नॉर्दर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड और सिंगरौली जिला प्रशासन की टीमें प्रतिस्पर्धा कर रही हैं।इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक( विंध्याचल) ई सत्या फणी कुमार ने मुख्य महाप्रबंधक( प्रचान एवं अनुरक्षण) समीर शर्मा की गरिमामय उपस्थिति में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। साथ ही इस असवार पर मुख्य महाप्रबंधक( चिकित्सा) डॉ बी.सी. चतुर्वेदी, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) राकेश अरोड़ा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सिंगरौली) शिव कुमार वर्मा, (एवीपी रिलायंस) ऋषि श्रीवास्तव और (महाप्रबंधक रिलायंस) मधुर जैन भी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य अतिथि एवं सभी सम्मानित गणमान्य अतिथियों और प्रत्येक टीम के खिलाड़ियों ने भारतीय हॉकी के दिग्गज मेजर ध्यानचंद को पुष्पांजलि अर्पित कर सम्मानित किया।

तत्पश्चात कार्यकारी निदेशक( विंध्याचल) श्री ई सत्या फणी कुमार ने सभी गणमान्य अतिथियों और खिलाड़ियों को राष्ट्रीय खेल दिवस पर फिट इंडिया की शपथ दिलाई।सर्वप्रथम यह प्रतियोगिता एनटीपीसी विंध्याचल और सिंगरौली जिला प्रशासन के बीच रोमांचक मुकाबला के साथ खेला गया, जिसमें एनटीपीसी विंध्याचल ने 5-0 से शानदार जीत हासिल की। इस मैच ने एक ऐसे टूर्नामेंट के लिए माहौल तैयार किया जो न केवल प्रतिस्पर्धी भावना का जश्न मनाता है बल्कि उद्योगों और स्थानीय प्रशासन के बीच संबंधों को भी मजबूत करता है।इस तरह के टूर्नामेंट का आयोजन दैनिक जीवन में खेलों को एकीकृत करने के महत्व को रेखांकित करती है, इस बात पर जोर देती है कि खेल सिर्फ जीतने के बारे में नहीं हैं बल्कि टीम वर्क, अनुशासन और समुदाय की भावना को बढ़ावा देने पर ज़ोर देता है।

## संपादकीय
### जरूरी शहरी योजना

जलवायु परिवर्तन की वजह से होने वाली अतिवृष्टि से इन समस्याओं को बेहद गंभीर बना दिया है. इतना ही नहीं, जब यह पानी निकलता है, तो नदियों को प्रदूषित करने के साथ-साथ उन्हें उथला भी बना देता है. इस कारण नदियों के तटीय इलाकों में भी पानी भरने की आशंका बनी रहती है. बीते कुछ वर्षों में शायद ही देश का कोई ऐसा बड़ा शहर होगा, जहां किसी साल बाढ़ नहीं आयी हो. कुछ शहरों में तो यह स्थायी समस्या बन चुकी है. गर्मी के मौसम में बड़े शहरों में पानी की किल्लत की परेशानी भी इसी से जुड़ी हुई है. ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि ऐसी समस्याओं का ठोस समाधान निकाला जाए क्योंकि बड़े शहर देश के विकास एवं समृद्धि में अग्रणी भूमिका निभाते हैं.

भारत सरकार नालियों की बेहतरी तथा जलाशयों के विस्तार के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना ला रही है. इसमें दो साल की अवधि में 300 मिलियन डॉलर खर्च किये जायेंगे. इस योजना में मुंबई, चेन्नई और बेंगलुरु समेत सात बड़े शहरों को शामिल किया गया है. सभी बड़े शहरों में नालियों का बड़ा नेटवर्क है, पर उनमें कचरा भरा है. दिल्ली और बेंगलुरु में कभी जलाशयों की बड़ी संख्या थी. पर अंधाधुंध शहरीकरण ने उन्हें निगल लिया. मुंबई शहर में बहने वाली छोटी नदी अब नाला बन चुकी है. समुचित इंफ्रास्ट्रक्चर की कमी, प्रशासनिक लापरवाही, नागरिकों का दोषपूर्ण आचरण, भूमि माफिया, जल संरक्षण नहीं करना आदि अनेक कारण हैं, जो शहरों को नर्क में बदल रहे हैं. यह सही है कि अनेक नगर निगमों और नगरपालिकाओं के पास पूंजी और मानव संसाधन की कमी है, पर यह भी एक तथ्य है कि कुछ नगर निगमों का बजट मध्य आकार के राज्यों के बजट से अधिक है, पर उन शहरों में भी बदहाली है. शहरी बाढ़ और स्वच्छ जल की कम उपलब्धता की समस्याएं एक ही सिक्के के दो पहलू हैं. अगर हम नालियों को ठीक रखेंगे, तो वर्षा जल की निकासी में आसानी होगी और नदियों का स्वास्थ्य भी ठीक रहेगा. जलाशय आबाद रहेंगे, तो पानी भी मिलेगा और भूजल का स्तर भी बढ़ेगा. बारिश के पानी को अगर सहेजा जाए, तो भूजल और जल आपूर्ति पर दबाव कम होगा.

# बंगाल की पूरी सत्ता कठघरे में

**अस्पताल में करीब 36 घंटे ड्यूटी करने के बाद महिला डॉक्टर वहां सो रही हो और दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी जाए तो अस्पताल प्रशासन की पहली भूमिका क्या होनी चाहिए? पुलिस को तुरंत सूचित करना , मामला दर्ज करवाना तथा परिवार को सच्ची जानकारी देकर उन्हें अस्पताल बुलवाना और साथ खड़ा रहना। कॉलेज के प्रिंसिपल संदीप घोष ने इसके उलट कुछ लोगों के साथ मिलकर इसे आत्महत्या साबित करने, परिवार को काफी समय बाद झूठी जानकारी देने और डॉक्टरों की टीमों को अलग-अलग जिम्मेवारी देकर पूरे मामले को खत्म करने का षड्यंत्र किया। लड़की के माता-पिता को आज तक नहीं पता कि बेटी की आत्महत्या करने का फोन किसने किया। अस्पताल में आने के बाद शव देखने के लिए उन्हें 3 घंटे से ज्यादा प्रतीक्षा करनी पड़े और एक व्यक्ति पीठ पर हाथ रखने वाला नहीं हो तो उनकी क्या दशा हुई होगी इसकी कल्पना से रोंगटे खड़े हो जाते हैं। बिना प्राथमिकी के और टीम बनाएं पोस्टमार्ट्म करना और फिर अपने नियंत्रण में ही शव दहन कर देना।**

अवधेश कुमार

से तो पिछले एक महीने में बच्चियों के साथ हुए बर्बर दुष्कर्मों ने पूरे देश को हिलाया है किंतु कोलकाता के आईजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल की घटना ने समाज के हर वर्ग को उद्वेलित किया है। यह बिल्कुल स्वाभाविक है। मेडिकल कॉलेज के अंदर एक डॉक्टर के साथ जघन्य अपराध, फिर स्वयं अस्पताल प्रशासन की भूमिका, पुलिस प्रशासन से लेकर पूरी सरकार के व्यवहार ने डर पैदा किया है। शायद पहली बार सुनने में किसी को अतिश्योक्ति लगे इस घटना के आलोक में पश्चिम बंगाल की पूरी सरकार अपराधियों और माफियाओं के वर्चस्व वाली दिखी है। सत्ता से जुड़ा कोई भी पक्ष मृतका के न्याय के लिए खड़ा होता नहीं दिखा। इसके विपरीत अस्पताल से लेकर सत्ता की संपूर्ण कोशिश मामले में न्याय की गुंजाइश खत्म करने तथा न्याय की मांग करने वालों को धौंस-धमकी व हिंसा से रोकने की रही है। राजधानी दिल्ली के 2012 के निर्भया कांड से तुलना करने वाले कई पहलू की अनदेखी करते हैं। उसमें पीड़िता बस में अकेलेपन की शिकार हुई, निर्जन स्थान पर उसका अर्ध मृत शरीर फेंका गया तथा प्रशासन का व्यवहार ऐसा नहीं रहा जिस तरह हमने पश्चिम बंगाल को देखा है। उस समय भी सरकार और पुलिस प्रशासन की भूमिका किसी तरह मामले को आगे न बढने देने या बड़ा बवंडर से बचने की थी। बावजूद यह नहीं कह सकते कि घटना को दूसरा रूप देने या सप्ताह की निर्लज ताकत से न्याय की मांग को समाप्त करने की रही। ऐसे जघन्य और वीभत्स कांड पर कोई सरकार इस तरह का व्यवहार करें यह कल्पना से परे है।

अस्पताल में करीब 36 घंटे ड्यूटी करने के बाद महिला डॉक्टर वहां सो रही हो और दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी जाए तो अस्पताल प्रशासन की पहली भूमिका क्या होनी चाहिए? पुलिस को तुरंत सूचित करना , मामला दर्ज करवाना तथा परिवार को सच्ची जानकारी देकर उन्हें अस्पताल बुलवाना और साथ खड़ा रहना। कॉलेज के प्रिंसिपल संदीप घोष ने इसके उलट कुछ लोगों के साथ मिलकर इसे आत्महत्या साबित करने, परिवार को काफी समय बाद झूठी जानकारी देने और डॉक्टरों की टीमों को अलग-अलग जिम्मेवारी देकर पूरे मामले को खत्म करने का षड्यंत्र किया। लड़की के माता-पिता को आज तक नहीं पता कि बेटी की आत्महत्या करने का फोन किसने किया। अस्पताल में आने के बाद शव देखने के लिए उन्हें 3 घंटे से ज्यादा प्रतीक्षा करनी पड़े और एक व्यक्ति पीठ पर हाथ रखने वाला नहीं हो तो उनकी क्या दशा हुई होगी इसकी कल्पना से रोंगटे खड़े हो जाते हैं। बिना प्राथमिकी के और टीम बनाएं पोस्टमार्ट्म करना और फिर अपने नियंत्रण में ही शव दहन कर देना। इन सबको मिला दीजिए तो दुष्कर्म करने वाले से बड़ा अपराधी अस्पताल प्रशासन दिखेगा। और पुलिस? पुलिस अस्पताल प्रशासन के निर्देशानुसार भूमिका निभाती रही। पुलिस का पहला प्रश्न यही होना चाहिए कि आरंभ में हमें सूचना क्यों नहीं दी? पोस्टमार्टम के बाद प्राथमिकी क्यों लिखवा रहे हैं? इसके उलट कोलकाता पुलिस आयुक्त से लेकर पूरा पुलिस महकमा घटना को रफा-दफा करने में लगा रहा। पुलिस कमिश्नर का वक्तव्य था कि सारा कुछ मीडिया के कारण हो रहा है। सोशल मीडिया से लेकर मुख्य मीडिया तक आवाज उठाने वाले जो संज्ञान में आये पुलिस का त्वरित नोटिस मुकदमा भुगतने को तैयार रहें। इस तरह की धमकी थोड़ी बहुत उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र की महाविकास अघाड़ी सरकार के दौरान आता था, लेकिन इतना व्यापक नहीं। स्वयं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विरोध करने वालों के विरुद्ध मोर्चाबंदी की और उन्होंने मार्च कर विरोध भी जताया। तृणमूल कांग्रेस या सरकार के किसी प्रवक्ता ने इसका उत्तर नहीं दिया कि आखिर मुख्यमंत्री किसके विरुद्ध प्रदर्शन कर रहीं थीं ? उन्होंने सारी समस्या की जड़ राम और वाम यानी भाजपा और वामपंथी दलों को घोषित कर दिया। उनके राज्यसभा सांसदों ने घटना की आलोचना करते हुए कुछ प्रश्न उठाएं तो उन्हें सजा भुगतनी पड़ी।

इस तरह चारों तरफ डर और आतंक का वातावरण बनाया गया ताकि कोई विरोध करने का साहस न करे। ममता बनर्जी का सड़क पर उतरना उनके कार्यकर्ताओं, समर्थकों और प्रशासन के लिए सीधा संदेश था कि विरोध करने वाले बंगाल में उथल-पुथल मचाना चाहते हैं इसलिए उन्हें हर हाल में रोका जाए। राम करीब 30 प्रतिशत मुसलमानों के लिए संदेश था कि खतरा तुम पर भी है । परिणाम- ऊपर से गांव तक उनके लोग सक्रिय होकर ऐसा वातावरण बनाते रहे कि कहीं कोई विरोध प्रदर्शन नहीं हो। अभी निचले स्तर से समाचार आना शेष है कि कितने लोगों को सरकारी तंत्र का कोपभजन बनना पड़ा है। अलग-अलग विभागों ने पत्र जारी किया कि विभागीय भूमिका से परे कुछ भी अनुशासनहीनता माना जाएगा। स्कूल इंस्पेक्टर के पत्र गए कि स्कूलों में छात्रों की शिक्षा के अलावा कोई भी गतिविधि स्वीकार नहीं होगी। इसी बीच हमने देखा कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के बाहर न्याय के लिए धरना दे रहे डॉक्टरों पर हिंसक हमले हुए, उन्ह पीटा गया, उनकी सारी व्यवस्था तहस-नहस कर दी गई और अस्पताल में भी तोड़फोड़ हुई। किसी भी न्यायसंगत लोकतांत्रिक धरना या आंदोलन को सुरक्षा देने का दायित्व पुलिस प्रशासन का होता है। कानून के विरुद्ध हो तो उन्हें हिरासत में लेने या गिरफ्तार करने का दायित्व भी पुलिस का है। पुलिस ने ऐसा नहीं किया तो उसे पता होना चाहिए कि इन्हें सुरक्षा न देना आपराधिक कृत्य ही होगा। धरना देने वालों के साथ हिंसा और पिटाई हो रही थी मानो कानून और व्यवस्था का नाम निशान नहीं हो।

जब मुख्यमंत्री ही घटना की संवेदनशीलता को स्वीकार कर मृतका के परिवार के साथ खड़ा होने और न्याय दिलाने के लिए कदम उठाने की जगह विरोधियों के विरुद्ध सड़कों पर उतर जाएं तो यही होता है। कोलकाता उच्च न्यायालय ने संज्ञान लेकर सरकार को कटघरे में खड़ा करना शुरू किया तथा मामला सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया तब भी मुख्यमंत्री की तीखी प्रतिक्रिया देखने लायक थी। उन्होंने कहा कि पुलिस ने 90 प्रतिशत जांच पूरी कर ली है इसलिए सीबीआई को दो दिनों में मामला पूरा करना चाहिए। उन्होंने चार दिन के अंदर दोषी को फांसी देने तक की भी मांग कर दी। उच्चतम न्यायालय में संज्ञान लेने के बाद वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल के साथ 21 बड़े अधिवक्ता सरकार की ओर से खड़े हैं। उनकी एक दिन की फीस कितनी होगी इसकी कल्पना करिए? आखिर वकीलों की वह टीम क्यों खड़ी हो रही है? क्या मृतका और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने या फिर सरकार के हर व्यवहार की रक्षा करने? अगर ममता सरकार एक छोटा शपथ पत्र उच्चतम न्यायालय में डाल देती कि जो कुछ हुआ वह सरकार को स्वीकार्य नहीं है और न्यायालय जो निर्देश देगा उसका पालन करते हुए सरकार न्याय दिलाने तथा ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न होने देने के लिए हरसंभव कदम उठाएगी तो वकीलों की इतनी बड़ी फौज खड़ी नहीं करनी पड़ती। अभी तक की छानबीन से पता चल रहा है कि पूरा बंगाल ऐसे ही तंत्र के हाथों है। आईजी कार मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के प्रिंसिपल को हटाने के बाद नेशनल मेडिकल कॉलेज को प्रिंसिपल बना देना बता रहा था कि उनकी पहुंच कितनी बड़ी है। पता चल रहा है कि ममता बनर्जी के निजी चिकित्सक उनके साथ हैं। अस्पताल में भारी पैमाने पर हर स्तर पर भ्रष्टाचारऔर अपराध के काले कारनामे सामने आ रहे हैं और लगता है जैसे ऊपर से नीचे तक पूरा गैंग इसमें सक्रिय हो जिन्हें कानून का कोई भय नहीं । जिस संजय राय पर कांड का आरोप है वह सिविल वालंटियर है जिसे ममता बनर्जी ने 2011 में शासन में आने के बाद स्थापित किया। यह वैसे ही है जैसे दिल्ली में अरविंद केजरीवाल सरकार ने सिविल डिफेंस बनाया। ये वहां पार्टी के लोग माने जाते हैं और इनके साथ कोई छेड़छाड़ नहीं करता तभी तो अस्पताल के अंदर उसकी इतनी बड़ी हैसियत थी। कुल मिलाकर गहराई से देखें तो ऐसा लगेगा कि एक समय अपने ईमानदारी और संघर्ष के लिए जानी जाने ममता मुख्यमंत्री के रूप में सत्ता के हर स्तर स्वास्थ्य, पुलिस, प्रशासन ज में जकड़े माफियाओं, अपराधियों , भ्रष्टाचारियों के तंत्र की प्रमुख बन गई है और पूरा पश्चिम बंगाल इनके शिकंजे में है।

# पड़ोसी देशों का विकास भारत के बिना संभव

प्रो सतीश कुमार

बांग्लादेश के हालिया घटनाक्रम के बाद यह प्रश्न उठने लगा है कि क्या भारत की 'पड़ोसी प्रथम' की नीति हाशिये पर आ गयी है. दो साल पहले श्रीलंका में ऐसा ही कुछ हुआ था, जो आज बांग्लादेश में हो रहा है. मालदीव में भारत विरोध की लहर समय-समय पर गूंजती है. नेपाल में कम्युनिस्ट पार्टी की सरकार है. पाकिस्तान 1947 से भारत विरोध के जरिये अपनी पतवार को खींचने की कोशिश में है.

अफगानिस्तान में तालिबान की पैठ बनाने के बाद भारत का रोडमैप सीमित हुआ है. प्रश्न उठना लाजिमी है कि क्या यह भारत की विदेश नीति की उम्मीदों पर काली घटा का विस्तार है या समय का एक दौर है, जिसका कोई विशेष महत्व नहीं है. विदेश नीति और पड़ोसी देशों के संदर्भ में यह स्थापित सत्य है कि पड़ोसी देशों का आर्थिक विकास और उनकी राजनीतिक स्थिरता भारत के बिना संभव नहीं है, चाहे इन देशों को मदद अमेरिका से मिले या चीन से. बांग्लादेश ने पिछले डेढ़ दशक में इस बात की पुष्टि दुनिया के सामने कर दी है. भारत के कारण उसकी प्रति व्यक्ति आय एक समय भारत से बेहतर हो गयी थी. क्या ऐसा अमेरिका या चीन के अनुदान से हो सकता था? अगर अनुदान की राशि से अमीर होना होता, तो पाकिस्तान शीत युद्ध के दौरान ही अमेरिकी पैसे से ऐसा हो चुका होता. पिछले पांच दशक से चीन के सहयोग से पाकिस्तान चल रहा है. इसके बावजूद उसकी आर्थिक तंगी बढ़ती जा रही है.

यह प्रश्न भी है कि क्या भारत पड़ोसी देशों के बिना दुनिया की अहम शक्ति बन सकता है. भारत की शक्ति उसकी आर्थिक क्षमता है. कोरोना महामारी की विपदा में भी भारतीय अर्थव्यवस्था नहीं थमी. आर्थिक विशेषज्ञ यह मानते है कि आत्मनिर्भर भारत एक नये विकसित भारत की रूपरेखा बनाने में सक्षम होगा. भारत अपने व्यापार को विकेंद्रित भी कर रहा है. किसी एक नाव पर आश्रित होना घाटे का सौदा होगा. इसलिए रक्षा क्षेत्र में अन्य देशों की नयी टीम खोजी जा रही है. हरित ऊर्जा में भी भारत चीन से हटकर यूरोप के साथ अपने समीकरण को जोड़ने में लगा हुआ है. दूसरी



तरफ ग्लोबल साउथ में कई ऐसे देश हैं, जिनके साथ भारत व्यापार बढ़ा रहा है. ऐसी हालत में भारत की तुलना में पड़ोसी देशों की संकीर्णता और हठधर्मिता उनके लिए ज्यादा नुकसानदेह होगी. बांग्लादेश में भारत की सोच को ठुकराया जा रहा है. जो गलती पाकिस्तान ने की थी, वही बांग्लादेश में दोहरायी जा रही है. भारत संवाद के जरिये बेहतरी की कोशिश करता रहा है, जिसमें कोई मजबूत और कोई कमजोर नहीं होगा. भारतीय संस्कृति की धारणा एक नये विश्व को बनाने का आधार बन रही है.

हिंदू संस्कृति का जो विरोध बांग्लादेश में हो रहा है, वह एक सुनियोजित नाटक का हिस्सा है. वर्तमान शासक मोहम्मद यूनुस कोई फरिश्ता नहीं हैं. उनकी जन्मपत्री सबके सामने है. उनके पीछे कौन है, वह भी सबको मालूम है. हिंदू समुदाय बांग्लादेश में निरंतर हाशिये पर रहा है. हर राजनीतिक उथल-पुथल का दंश इस समुदाय को झेलना पड़ता है. कई ऐसे दर्द भरे दास्तान हैं, जो किसी भी अल्पसंख्यक समुदाय के लिए हजम कर पाना संभव नहीं है. विडंबना यह रही है कि हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध में कोई अंतरराष्ट्रीय आवाज नहीं उठी है. बांग्लादेश में इस अत्याचार का एक आर्थिक सिद्धांत है. लाखों हिंदुओं की जमीन और संपत्ति हड़पने के लिए वहां कानून बनाये जाते रहे हैं, जिससे परेशान होकर वे बांग्लादेश छोड़ने के लिए विवश हो जाएं. बांग्लादेश की आबादी में हिंदू लगभग आठ प्रतिशत हैं, जो उस मुस्लिम बहुल राष्ट्र का सबसे बड़ा धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय है.

पिछले 10 वर्षों में 15 बार शेख हसीना भारत के प्रधानमंत्री से मिल चुकी थीं. बिजली योजना से लेकर बहुमुखी परियोजनाओं के लिए प्रयास हो रहे थे. भारत के पूर्वोत्तर की कड़ी सीधा बांग्लादेश से जुड़ी हुई है. भारत बिम्सटेक पहल को मजबूत करना चाहता है, जिसमें बांग्लादेश एक अहम कड़ी है. लेकिन राजनीतिक समीकरण बदलने के साथ व्यापार की धारा और दिशा भी बदल जायेगी. वहां कट्टरपंथी ताकतें सर उठाने लगी हैं. बेगम खालिदा जिया दशकों से पाकिस्तान की भाषा बोलती रही हैं. अमेरिका के लिए लोकतंत्र और आतंकवाद एक मोहरे से ज्यादा कुछ भी नहीं है. साल 2021 और 2023 में जब अमेरिका में लोकतंत्र पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित हुए थे, उसमें पाकिस्तान को निमंत्रण दिया गया था, लेकिन बांग्लादेश को नहीं बुलाया गया था. अमेरिका पाकिस्तान और म्यांमार के तानाशाही में फर्क करता रहा, इसलिए अमेरिकी हिसाब दक्षिण एशिया के हित से अलग है. दक्षिण एशिया को भारतीय उपमहाद्वीप भी समझा जाता है. यहां बाहरी शक्तियों का हस्तक्षेप भारत के लिए मुश्किलें पैदा करेगा. हमारी सबसे बड़ी सीमा बांग्लादेश के साथ ही है, इसलिए वहां के राजनीतिक हलचल की कंपन भारत में सुनाई देती है. भारत की विदेश नीति पड़ोसी देशों के कारण तंग जरूर होगी, लेकिन वह गिरेगी नहीं. भारत की शक्ति का संवर्द्धन निरंतर होता रहेगा. दिक्कत पड़ोसियों को ही होगी. यह बात जितनी जल्दी वे समझ लेंगे, उतना ही बेहतर होगा.

## वर्ग पहेली 5479

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | | 4 | 5 | 6 |
| | ■ | 7 | | ■ | 8 | | |
| 9 | 10 | ■ | 11 | 12 | | ■ | |
| 13 | | 14 | ■ | | ■ | 15 | ■ |
| ■ | 16 | | | ■ | 17 | | ■ |
| 18 | | | ■ | 19 | | ■ | 20 |
| | ■ | ■ | 21 | | | 22 | |
| 23 | | | | ■ | ■ | 24 | |

संकेत: बाएं से दाएं
1. 1968 को इस भारतीय वैज्ञानिक को चिकित्सा क्षेत्र में नोबल पुरस्कार प्रदान किया गया (8)
7. केशलता, बालों का गुच्छा (2)
8. तप्त चिन्हित करना,दाग लगाना (3)
9. मार्ग से, कृततः (2)
11. लिहाफ, सर्दी लगने से बचने के लिए सोते समय ओढ़ा जाने वाला वस्त्र (3)
13. चांदी, उजला, उज्जवल (3)
16. प्रविष्टायन, स्थितन (3)
17. जिसमें दाग या धब्बों वाला, दागदार (2)
18. श्रवण करना, ध्यान देना (3)
19. एक शस्त्र, बरछा, नेजा (2)
21. जैन धर्म के मानने वालों का बड़वानी से 8 किमी दूर एक तीर्थ स्थल (5)
23. यह उजबेकिस्तान की राजधानी है (4)
24. पुराणानुसार पांचवा लोक जहां से मनुष्य उत्पन्न होते है, व्यक्ति, कबीला, प्रजा (2)

ऊपर से नीचे
1. इस तीर्थ स्थान पर गंगा नदी पहाडों को छोड मैदान में आती है इसे गंगाद्वार भी कहा गया है (4)
2. फुटबॉल, हॉकी आदि के खेल से संबंधित एक शब्द, वृत्ताकार, वर्तुल (2)
3. शीतकाल को अंग्रेजी में यह कहते है (3)
4. ईश्वरत्व, खुदापन, आस्मानी (3)
5. शास्त्रीय संगीत में विशिष्ट गान प्रकार (2)
6. सनिश्चय नहीं (3)
10. क्षेत्रफल के आधार पर यह भारत का सबसे बड़ा राज्य है (4)
12. रद्दीकृत, अनुपभुक्त (2)
14. तपस्या करना, अति परिश्रम करना (3)
15. मरीज, बीमार, जिसे रोग लगा हो (2)
17. बरामदा, ओसारा (3)
18. निर्देशक बिमल रॉय की सुनील दत्त-नूतन अभिनीत 1959 की सफल फिल्म (3)
19. दर, निर्ख (2)
20. नमाज की सूचना के शब्द जो जोर से पुकारे जाते है (3)
21. उत्तर काल में, उपरांत, पश्चात (2)
22. लंबाई नापने की प्राचीन नाप, हाथी (2)

### वर्ग पहेली 5478 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त्रि | पु | रा | ■ | दे | वी | ला | ल |
| का | ल | का | ■ | व | र | ना | ■ |
| ल | ■ | ■ | मु | आ | ■ | ■ | ते |
| ■ | द | म | ■ | नं | द | गां | व |
| इ | ला | हा | बा | द | ■ | धा | र |
| बा | ल | ■ | ब | ■ | नू | री | ■ |
| द | ■ | ह | र | क | त | ■ | शू |
| त | ला | क | ■ | दा | न | वी | र |

# नर्मदा घाटी में समाधान नहीं, आश्वासन मिला

राजेन्द्र जोशी

साल दर साल पूरे पचास बरसों से अधिक समय की मांगें और 40 बरसों से नर्मदा घाटी के लोगों के बेहतर पुनर्वास,उचित मुआवजे की दरकार के साथ अनिमियतताओं और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई सहित अनेक मांगों को लेकर नर्मदा घाटी में चल रहे आंदोलन में प्रभावित परिवारों की तीन-तीन पीढ़ियां खप गई है,लेकिन उनकी समस्या का समाधान आश्वासन ही रहा है। सत्ता बदली है, लेकिन सरकार (अधिकारी कर्मचारी) तो वही हैं।

सरदार सरोवर डेम की जद में आये मप्र सहित महाराष्ट्र व गुजरात के प्रभावितों की तुलना की जाए तो मप्र को छोड़कर दोनों राज्यों में कुछ अपवादों को छोड़कर बेहतर पुनर्वास हुआ है, लेकिन मप्र में यह सब नहीं हो पाया है। और इसी के चलते यहां के सैकड़ों प्रभावित आज भी अपनी मांगों को लेकर संघर्षरत हैं। सरदार सरोवर बांध में पानी भरने की क्षमता 138.68 मीटर है। बीते सालों में इस स्तर पर पानी भरा जा चुका है, वही बांध की वजह से बैकवाटर का लेवल अलग-अलग स्थानों पर अलग रहा है जो कि 141 से 146 मीटर तक का रहां है। यह स्तर गांव-गांव सर्वे के आधार पर तय किया गया था, और उसी आधार पर डूब प्रभावितों के लिये मुआवजा राशि व पुनर्वास राशि तय की गई थी। प्रारम्भिक सालों में यह व्यवस्था सुचारू रही। बाद में भ्रष्टाचार, अनियमितताओं के चलते पुनर्वास और मुआवजा लालफीताशाही की भेंट चढ़ गया। बाद के सालों में पुनर्वास और मुआवजे से सैकड़ों लोगों के मामले न्यायिक प्राधिकरण में आज भी लम्बित है। इन्हीं के बीच कम मुआवजे और अन्य कारणों से लाभ ले चुके प्रभावितों के मामले भी प्राधिकरण में है। इन प्रकरणों में पारिवारिक विवाद,नियम विरूद्ध दिये गये मुआवजे, कम मुआवजे के साथ डूब से बाहर किये गये प्रभाविते के मामले लम्बित है। इन्हीं प्रभावितों में ऐसे कई परिवार है जिन्हे आज तक कुछ भी नहीं मिला,जबकि उसके पड़ोसी को या गांव फल्ये वाले को समुचित लाभ मिल गया है,और इसके पीछे जो कारण सामने आया है वह है बैकवाटर लेवल को कम करने का खेल नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण के द्वारा बिना सर्वे के ही एक से लगाकर तीन मीटर तक का बैकवाटर लेवल कम करके कई परिवारों को डूब से बाहर कर दिया जबकि उसी गांव के कई प्रभावितों को पूर्व में मुआवजा मिल चुका है। जिन गांवों को डूब के सर्वोच्च लेवल 138.68 से बाहर रखा गया था एवं कहा गया था, आपके यहां पानी नहीं आयेगा वैसे कई गांवों में सितम्बर 2023 की 16 व 17 तारीख को वाटर लेवल बताये लेवल से कई गुना ऊपर पहुंचा और पूरे गांव की करोड़ों कर चल अचल सम्पत्ति बह गई,उन्ही में से धार जिले की मनावर तहसील का एकलबारा ग्राम भी रहां है।नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण की लापरवाही के चलते पूर्ण मुआवजा लेने वाले कई ग्रामवासी आज भी मूल ग्राम में बसे हुये और उनके लिये बनाये गये पुर्नवास स्थल की जमीने आज भी जस की तस पड़ी हुई है।

## आज का राशिफल

**मेष**

आज आपको ऑफिस और परिवार के लोगों से हर प्रकार का सहयोग प्राप्त होगा। आपको किसी कारण से संतान पक्ष के लोगों से निराशाजनक समाचार मिल सकता है। शाम को आपका कोई रुका कार्य पूर्ण होने से मन प्रसन्?न रहेगा और आपको कोई रुका कार्य बनने की संभावना है।

**वृषभ**

आज करियर में सफलता का दिन है और आपके सम्?मान में वृद्धि होगी। आपको सभी कार्यों में सफलता प्राप्त होने की संभावना है। शासन और सत्ता से गठजोड़ का लाभ मिल सकता है। नए अनुबंधों के द्वारा पद, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**मिथुन**

आज करियर में सफलता के योग हैं। आपको कार्यक्षेत्र में सम्?मान मिलने से मन प्रसन्न होगा। किसी मामले में शिक्षा और प्रतियोगिता में आशातीत सफलता मिलने से आपको खुशी होगी। मन में हर्ष होगा।

**कर्क**

आज लाभ होगा और आपके लिए उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के योग बने हैं। आपको आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। संतान के दायित्व की पूर्ति हो सकती है। यात्रा, देशाटन की स्थिति सुखद व लाभदायक रहेगी।

**सिंह**

आज भाग्य साथ देगा। आपके सुख और आनंद में वृद्धि होगी। आमदनी के नए स्रोत बनेंगे। आपको वाणी की सौम्यता और सम्मान से लाभ होगा। शिक्षा, प्रतियोगिता में विशेष सफलता मिलेगा। सेहत के मामले में लापरवाही करना आपको भारी पड़ सकता है।

**कन्या**

आज करियर और रोजगार के मामले में सफलता से भरी होगा। आपको व्यापार के क्षेत्र में जारी प्रयासों में अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी। संतान पक्ष से भी संतोषजनक सुखद समाचार मिलेगा। दोपहर बाद किसी कानूनी विवाद में आपकी जीत हो सकती है।

**तुला**

आज आपके चारों ओर काम का माहौल बहुत शानदार रहेगा। आपके परिवार के सदस्यों में आपसी प्रेम बढ़ेगा। कई दिनों से चली आ रही लेन-देन की कोई बड़ी समस्या हल हो सकती है। पर्याप्त मात्रा में धन हाथ में आ जाने का सुख मिलेगा। विरोधियों का अंत होगा और आपकी जीत होगी।

**वृश्चिक**

आज करियर के मामले में लाभ होगा। आज आपको सेहत के मामले में किसी प्रकार की लापरवाही करना भारी पड़ सकता है। किसी अच्छे डॉक्टर से इस विषय में सलाह मशविरा करें तो आपको लाभ होगा। आज आपको काफी भागदौड़ के मामले में लाभ होगा।

**धनु**

आज आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। शासन सत्ता पक्ष से निकटता और गठजोड़ का लाभ भी मिलेगा। ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है। शाम से लेकर रात तक आपको सांस्कृतिक और पारिवारिक कार्यक्रम में भाग लेने से लाभ होगा।

**मकर**

आज आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। आजीविका के क्षेत्र में प्रयास सफलत रहेंगे। आपको नीचे के कर्मचारियों से आदर और सहयोग भी मिलेगा। शाम के समय आप किसी झगड़े विवाद में न पड़ें। रात में प्रिय अतिथियों के स्वागत का योग बना रहेगा।

**कुंभ**

आज लाभ और आनंद का दिन है। हर प्रकार के विवाद से दूर रहें और आपको अपने परिवार के साथ आनंद की प्राप्ति होगी। अपनी बुद्धि द्वारा किए कार्यों में ही हानि हो सकती है। कोई विपरीत समाचार सुनकर अकस्मात यात्रा पर जाना पड़ सकता है। इसलिए सावधान रहें और झगड़े विवाद से बचें।

**मीन**

आज लाभ होगा। कई दिन से चला आ रहा गतिरोध समाप्त हो जाएगा। बहनोई और साले से लेन-देन न करें, वरना आपसी संबंध खराब हो सकते हैं। धार्मिक क्षेत्रों की यात्रा और पुण्य कार्यों पर खर्च हो सकता है। यात्रा में सावधान अवश्य रहें। वरना कोई मूल्यवान वस्तुएं चोरी हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### क्या 156 साल पुरानी यूनिवर्सिटी का बदला जाएगा नाम?

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने ओडिशा के सबसे पुराने शैक्षणिक संस्थानों में से एक रावेनशॉ विश्वविद्यालय का



नाम बदलने का सुझाव दिया। हालांकि,प्रधान ने स्पष्ट किया कि 156 साल पुराने संस्थान का नाम बदलने का सुझाव उनकी निजी राय है। प्रधान ने कटक में स्वशासन दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, ''नाम परिवर्तन की आवश्यकता है। रावेनशॉ के नाम पर विश्वविद्यालय का नाम रखा गया है, उन्होंने अकाल के दौरान जो किया, उससे ओडिशा के लोगों को नुकसान हुआ।'' स्थानीय स्वशासन दिवस के अवसर पर कटक में आयोजित एक समारोह में बोलते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने टी.ई. रावेनशॉ की भूमिका पर सवाल उठाया। हेनरी रावेनशॉ के नाम पर राज्य विश्वविद्यालय का नाम रखा गया है। उन्होंने 1866 के कुख्यात नाआंका अकाल के दौरान उनकी भूमिका पर भी सवाल उठाए, जिसमें राज्य के 30 लाख लोग मारे गए थे। संबलपुर से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद ने यह भी बताया कि 1866 का विनाशकारी अकाल ओडिशा के तत्कालीन आयुक्त टी.ई. रावेनशॉ के कार्यकाल में पड़ा था। प्रधान ने कहा, ''अकाल में ओडिशा के कई लोग मारे गए थे। यह आपदा ब्रिटिश अधिकारियों की प्रशासनिक विफलता के कारण आई थी, जिनमें हेनरी रावेनशॉ भी शामिल थे। ओडिशा के एक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय का नाम ब्रिटिश आयुक्त के नाम पर क्यों रखा जाना चाहिए? ओडिशा के बुद्धिजीवियों को इस पर विचार करना चाहिए।'' नाम बदलने के केंद्रीय मंत्री के प्रस्ताव पर इसके पूर्व छात्रों के साथ-साथ शिक्षाविदों की भी तीखी प्रतिक्रिया आई है। रावेनशॉ यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र हेमेंद्र नारायण दास ने कहा यूनिवर्सिटी का नाम नहीं बदला जाना चाहिए। रावेनशॉ एक नाम नहीं है, बल्कि, यह जीवन जीने का एक तरीका है। इसके पीछे 100 साल से ज्यादा का इतिहास है...मंत्री का बयान अवास्तविक है। विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र और प्रशासक सत्यकाम मिश्रा ने कहा कि जो लोग रावेनशॉ के योगदान के बारे में जानते हैं, वे कभी नहीं कहेंगे कि उनके नाम पर बने विश्वविद्यालय को बदल दिया जाना चाहिए। मिश्रा ने कहा, अगर हमारे छात्रों ने ओडिया पढ़ा है, तो यह रावेनशॉ की वजह से है।

### सितंबर में अमेरिका के दौर पर जाएंगे राहुल गांधी, सैम पित्रोदा ने दी जानकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सितंबर में अमेरिका के एक छोटे दौर पर जाएंगे। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के चेयरमैन सैम पित्रोदा ने इसकी जानकारी दी। राहुल का यह दौरा सितंबर के दूसरे हफ्ते में होगा। इस दौरान वह भारतीय प्रवासी, शिक्षाविद, बिजनसमैन, लीडर्स, मीडिया, टेक्नोक्रेट्स और अन्य कई व्यक्तियों के साथ बातचीत करेंगे। यह नेता प्रतिपक्ष बनने के बाद राहुल गांधी का पहला दौरा है। सैम पित्रोदा ने एक वीडियो के जरिए राहुल गांधी के दौरे के बारे में बताया। उन्होंने कहा, राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष बन चुके हैं। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस की उपस्थिति 32 देशों में है। राहुल गांधी के साथ बातचीत के लिए राजनयिक, भारतीय प्रवासी, शिक्षाविद, व्यवसायी, नेता, मीडिया और कई अन्य व्यक्तियों ने दिलचस्पी दिखाई है। उन्होंने आगे कहा, अब वह अमेरिका के बहुत ही छोटे दौरे पर आ रहे हैं। वह 8 सितंबर को डलास में, 9 और 10 सितंबर को वाशिंगटन डीसी में होंगे। डलास में टेक्सास विश्वविद्यालय के छात्रों, शिक्षाविदों और समुदाय के लोगों के साथ मिलेंगे। हम तकनीकी विशेषज्ञों के साथ एक बड़ी सामुदायिक सभा करेंगे और डलास के लीडर्स के साथ रात्रिभोज करेंगे। अगले दिन हम वाशिंगटन डीसी जाएंगे, जहां हम थिंक टैंक, नेशनल प्रेस क्लब सहित लोगों के साथ इसी तरह की बातचीत की योजना बनाएंगे।

### छत्तीसगढ़ की BJP सरकार की कॉपी कर हेमंत सरकार ने लागू की मंईयां सम्मान योजना : उप मुख्यमंत्री

**गिरिडीह, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के भाजपा सरकार के डिप्टी सीएम विजय कुमार शर्मा बीते शनिवार शाम को गिरिडीह पहुंचे। इस दौरान पचंबा स्थित हरिचक में पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने उप मुख्यमंत्री विजय कुमार शर्मा का पूरे गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। उन्हें बड़ी माला पहनाई गई और भगवा टोपी पहनाकर सम्मानित किया। मौके पर जिले के छह विस के मंडल अध्यक्षों और पन्ना प्रमुखों समेत अलग-अलग जिलों से आएं गिरिडीह के छह विस के विस्तारकों से संवाद के बाद पत्रकारों से बातचीत के क्रम में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार शर्मा ने कहा कि भाजपा गिरिडीह के छह विस सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार है। जब डुमरी उपचुनाव को लेकर आजसू के चुनाव लड़ने से जुड़ा सवाल पूछा गया तो डिप्टी सीएम विजय कुमार शर्मा ने कहा कि सरकार बनाने के लिए छह विस सीटों पर भाजपा का चुनाव लड़ना तय है। बातचीत के क्रम में असम में हिमंता बिस्वा शरमा द्वारा जुम्मे की नमाज के दौरान विस में दो घंटे के जुम्मा ब्रेक पर पांबदी लगाने से जुड़े सवाल पर उप मुख्यमंत्री समाज में समरसता होना चाहिए का हवाला देकर चुप हो गए। डिप्टी सीएम ने कहा कि अब तक हर विस चुनाव पार्टी कमल फूल के चिन्ह पर लड़ती आई है और झारखंड विस चुनाव भी कमल फूल पर लड़ा जाएगा। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने झामुमो और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि उन्हें भाजपा की चिंता करने की जरुरत नहीं। वो चुनाव को लेकर अपने दलों के बारे सोचें, भाजपा में चार पूर्व मुख्यमंत्री है।

# जिन्ना की सोच थी धारा 370, भाजपा ने बाबा साहब का संविधान लागू किया: केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी





**श्रीनगर, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री और जम्मू कश्मीर भाजपा के चुनाव प्रभारी जी किशन रेड्डी ने कहा है कि आर्टिकल 370 मुहम्मद अली जिन्ना के संविधान को दर्शाता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने इसे हटाकर बाबा साहब का संविधान लागू कर दिया। जम्मू पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में शनिवार को भाजपा उम्मीदवार अरविंद गुप्ता के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए रेड्डी ने कहा, हमने जिन्ना के संविधान - धारा 370 को हटा दिया और भारत रत्न बाबा साहेब के संविधान को लागू किया।

केंद्रीय मंत्री ने धारा 370 को बहाल करने के नेशनल कॉन्फ्रेंस के हालिया वादों की भी निंदा की और इसे दोहरे झंडे की वापसी संग आतंकवादियों को सशक्त बनाने की खतरनाक साजिश बताया। उन्होंने तर्क दिया कि जम्मू-कश्मीर के लोग पंचायती राज संस्थाओं और नगर निगमों जैसे स्थानीय निकायों को मजबूत करने के हकदार हैं। उन्होंने मतदाताओं से वंशवादी राजनीति के बजाय समृद्धि को चुनने का आग्रह किया। रेड्डी ने कहा, यह चुनाव एक आंदोलन है जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि एनसी, कांग्रेस या पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) जैसी कोई भी पार्टी जम्मू-कश्मीर में आम लोगों के अधिकारों को कभी नहीं छीन सकती। भाजपा जम्मू-कश्मीर चुनाव प्रभारी ने कहा कि हमारा विजन जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की विरासत को दर्शाता है, जिन्होंने इस क्षेत्र को वंशवादी शासन और विभाजनकारी राजनीति से बचाने की मांग की थी।

उन्होंने दावा किया कि भाजपा के नेतृत्व में, जम्मू-कश्मीर में उग्रवाद अपने अंत के करीब है, और यह क्षेत्र शांति और समृद्धि के चरण में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव को महिलाओं, पश्चिमी पाकिस्तानी शरणार्थियों, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, पहाड़ियों, वाल्मीकि समाज और जम्मू-कश्मीर के सभी निवासियों के सम्मान की बहाली के लिए एक आंदोलन बताया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दुनिया अब जम्मू-कश्मीर पर ध्यान केंद्रित कर रही है क्योंकि भारत दर्शाता है कि कैसे शांति, विकास और लोकतंत्र इस क्षेत्र में जड़ें जमा रहा है।

बता दें कि 90 सदस्यीय जम्मू-कश्मीर विधानसभा के लिए तीन चरणों में चुनाव होंगे। 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को तीन चरणों में वोट डाले जाएंगे, जबकि वोटों की गिनती 8 अक्टूबर को होगी। जम्मू-कश्मीर में साल 2014 के बाद से यह पहला विधानसभा चुनाव होगा, क्योंकि 2019 में आर्टिकल 370 को निरस्त कर दिया गया था। इसके बाद से जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव नहीं हुए हैं। पिछले विधानसभा चुनावों में भाजपा ने 25 सीट जीती थी।

## हरियाणा में भाजपा को सता रहा बगावत का डर! इस बार टिकट बंटवारा नहीं आसान

**चंडीगढ़, एजेंसी।** भाजपा की प्रदेश इकाई में टिकटों के बंटवारे को लेकर असंतोष सार्वजनिक हो गया है। अनुशासित कैडर के रूप में जाने जानी वाली भाजपा के लिए इस बार टिकट बंटवारा आसान नहीं लग रहा है। कैप्टन अभिमन्यु, रामकुमार गौतम और सुनीता दुग्गल को जिन सीट से टिकट दिए जाने की चर्चाएं हैं वहां की भाजपा यूनिट के सदस्यों ने विरोध का मन बना लिया है और इस संबंध में इन इकाइयों ने एक ज्ञापन देकर पार्टी के केंद्रीय और राज्य नेतृत्व को अपनी नाराजगी से अवगत करा दिया है। ज्ञापन में स्पष्ट कर दिया है कि स्थानीय नेताओं के स्थान पर बाहरी लोगों को चुनावी मैदान में उतारने से हारना पक्का है। बता दें कि भाजपा की योजना पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु को नारनौंद से हिसार जिले की बरवाला सीट से चुनाव लड़ाने की चर्चा है। वहीं, जजपा के नारनौंद से विधायक रामकुमार गौतम भाजपा से जींद की सफीदों से टिकट मांग रहे हैं और सिरसा की पूर्व भाजपा सांसद सुनीता दुग्गल फतेहाबाद की रतिया विधानसभा से चुनाव लड़ना चाहती है। लेकिन इन सीटों पर जो स्थानीय लोग सालों से पार्टी के जमीनी कार्यकर्ता रहे हैं वे भाजपा के इस संभावित कदम से नाराज हैं। इसके चलते उन्होंने भाजपा को सावधान किया है कि मतदाता किसी भी नए चेहरे को स्वीकार नहीं करेंगे।

## चुनावी राज्य हरियाणा में पुलिस अलर्ट, निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए पैरामिलिट्री जवानों की तैनाती



**झज्जर, एजेंसी।** चुनावी राज्य हरियाणा में पुलिस अलर्ट मोड पर है। शांतिपूर्ण और निष्पक्षता के साथ विधानसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए यहां पैरामिलिट्री जवानों की तैनाती की गई है। हरियाणा के झज्जर जिले में शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने को लेकर पुलिस उपायुक्त लोकेश कुमार ने बताया कि, चुनाव के दौरान सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पैरामिलिट्री फोर्स आ गई है। इनके और जिला पुलिस के साथ मिलकर काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि छह जगहों नाकाबंदी की गई है। लोकेश कुमार ने पत्रकारों को बताया कि, चुनाव को शांति और निष्पक्ष ढंग से कराने के लिए जिला पुलिस मुस्तैद है। लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है और समय-समय पर नाकाबंदी पर तैनात पुलिसकर्मियों व पैरामिलिट्री के जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी नाकों पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की जा रही है और हर आने-जाने वाले संदिग्ध लोगों पर पुलिस की पैनी नजर भी है। उन्होंने कहा कि जल्द ही पैरामिलिट्री के और जवान भी यहां पहुंच जाएंगे। पुलिस का मकसद अप्रिय घटना को रोकना और चुनाव को शांति से कराना है। बता दें कि चुनाव आयोग ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए मतदान की तारीख में शनिवार को बदलाव किया है। निर्वाचन आयोग ने हरियाणा में एक चरण में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए मतदान की तारीख बदलकर पांच अक्टूबर कर दी है। पहले मतदान एक अक्टूबर को होना था। जम्मू-कश्मीर में मतदान की तारीखों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। यहां पर अभी भी तीन चरणों में होगा, पहला चरण 18 सितंबर को, दूसरा चरण 25 सितंबर को और तीसरा और अंतिम चरण 1 अक्टूबर को होगा। जम्मू-कश्मीर और हरियाणा दोनों के चुनाव परिणाम 8 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे।

## कामाख्या मंदिर में बलि पर रोक लगा सकते हैं? नमाज ब्रेक पर भड़की जेडीयू, लोजपा ने भी की आलोचना

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रमुख सहयोगी दलों में शामिल नीतीश कुमारी की जेडीयू और चिराग पासवान की एलजेपी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के बयान पर असहमति जताई है। दोनों ही दलों ने मुस्लिम विधायकों को नमाज अदा करने के लिए शुक्रवार को मिलने वाले दो घंटे का अवकाश बंद करने के राज्य विधानसभा के फैसले की आलोचना की है। वहीं, सीएम सरमा ने इस फैसले का बचाव करते हुए कहा कि यह हिंदू और मुस्लिम विधायकों के बीच आम सहमति से लिया गया है। जेडीयू पदाधिकारी नीरज कुमार ने विधानसभा में जुम्मा की नमाज के लिए दो घंटे के स्थगन की प्रथा को समाप्त करने के असम सरकार के फैसले की आलोचना की। उन्होंने कहा कि सरमा को गरीबी उन्मूलन और बाढ़ की रोकथाम जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने कहा, असम के मुख्यमंत्री द्वारा लिया गया निर्णय देश के संविधान के मूल सिद्धांतों के खिलाफ है। हर धार्मिक विश्वास को अपनी परंपराओं को संरक्षित करने का अधिकार है। मैं सीएम सरमा से पूछना चाहता हूं कि आप रमजान के दौरान शुक्रवार की छुट्टियों पर प्रतिबंध लगा रहे हैं और दावा करते हैं कि इससे कार्य कुशलता बढ़ेगी। हिंदू परंपरा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा मां कामाख्या मंदिर है।

# कांग्रेस का दावा- कोलकाता पीड़िता के परिवार को किया नजरबंद, पिता को रुपये की पेशकश

**कोलकाता, एजेंसी।** कांग्रेस की पश्चिम बंगाल यूनिट के चीफ अधीर रंजन चौधरी ने कोलकाता के रेप-मर्डर केस पर शनिवार को बड़ा दावा किया। उन्होंने पुलिस पर उस महिला डॉक्टर के माता-पिता को नजरबंद रखने का आरोप लगाया, जिसकी कथित तौर पर बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई थी। चिकित्सक के घर पहुंचकर उसके पेरेंट्स से चौधरी ने बातचीत की। इसके बाद उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि पुलिस ने शव का शीघ्र अंतिम संस्कार करने के लिए पिता को पैसे की पेशकश की थी।

अधीर रंजन चौधरी ने कहा, मैंने डॉक्टर के परिवार के घर जाकर उनसे काफी देर तक बात की। पुलिस ने परिवार को घर में नजरबंद कर रखा है। वह तरह-तरह के बहाने बनाकर उन्हें घर से बाहर नहीं निकलने दे रही। उनके चारों ओर मोर्चाबंदी कर दी गई है, सीआईएसएफ को इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। चौधरी ने आरोप लगाया कि कोलकाता पुलिस ने राज्य सरकार के निर्देश का पालन करके पीड़िता के पिता को पैसे की पेशकश की। इस दौरान उनसे कहा गया कि उनकी बेटी के शव का बिना किसी देरी के अंतिम संस्कार किया जाए।

**अपनी बेटियों को कभी डॉक्टर नहीं बनने दूंगी :** 9 अगस्त को कोलकाता में सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सेमिनार हॉल में ट्रेनी डॉक्टर का शव मिला था। उसके लिए न्याय और स्वास्थ्य प्रतिष्ठानों पर मजबूत सुरक्षा उपायों की मांग



को लेकर जूनियर डॉक्टर उस दिन से हड़ताल पर हैं। राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के डॉक्टर्स शनिवार को जंतर-मंतर पर इकट्ठा हुए। उन्होंने कहा कि महिला स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा के लिए केंद्रीय कानून के बिना महिला चिकित्सक कार्यस्थल पर कभी सुरक्षित महसूस नहीं कर सकेंगी। प्रदर्शनकारी डॉक्टर दीपिका ने कहा, मैं अपनी बेटियों को यहां कभी डॉक्टर नहीं बनने दूंगी। क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि हम सभी महिला चिकित्सक अब डरी हुई हैं? हमें काम करते समय डर लगता है और हमें सुरक्षा की जरूरत है। क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि पीड़िता के साथ कार्यस्थल पर बलात्कार किया गया और उसकी हत्या कर दी गई?' न्याय की मांग को लेकर टीचर्स ने निकाला मार्च कोलकाता के अस्पताल में डॉक्टर के साथ बलात्कार और उसकी हत्या के दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग को लेकर विभिन्न स्कूलों के शिक्षकों ने शनिवार को विरोध मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने सियालदह स्टेशन से श्यामबाजार तक मार्च निकाला, जिसके पास सरकारी अस्पताल स्थित है। प्रदर्शनकारी शिक्षकों ने 'हमें न्याय चाहिए' और 'आरजी कर मामले में न्याय चाहिए।

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने जारी की 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट, खरगे-सोनिया और राहुल का नाम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए कांग्रेस ने अपने 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सीपीपी चेयरपर्सन सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का नाम शामिल हैं। जम्मू-कश्मीर में पहले चरण के लिए 18 सितंबर को वोटिंग होगी। कांग्रेस पार्टी ने पहले चरण के लिए 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट शनिवार को जारी की है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल द्वारा जारी सूची में जयराम रमेश, अंबिका सोनी, अजय माकन, सलमान खुर्शीद और कन्हैया कुमार का नाम शामिल है। इसके अलावा इस लिस्ट में हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खु, पंजाब के पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी, राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट को भी जगह मिली है। कांग्रेस के स्टार प्रचारकों की सूची मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, रजनी पाटिल, राजीव शुक्ला, मनीष तिवारी, प्रियंका गांधी वाड्रा, इमरान प्रतापगढ़ी, के.सी. वेणुगोपाल, किशोरी लाल शर्मा, अजय माकन, रंजीत रंजन, अंबिका सोनी, रमन भल्ला, भरत सिंह सोलंकी, ताराचंद, तारिक हमीद कर्रा, चौधरी लाल सिंह, सुखविंदर सिंह सुक्खु, पीरजादा मोहम्मद सईद, जयराम रमेश, इमरान मसूद, गुलाम अहमद मीर, पवन खेड़ा, सचिन पायलट, सुप्रिया श्रीनेत, मुकेश अग्निहोत्री, कन्हैया कुमार, चरणजीत सिंह चन्नी, मनोज यादव, सलमान खुर्शीद, शाहनवाज चौधरी, सुखजिंदर सिंह रंधावा, राजेश लिलोठिया, अमरिंदर सिंह राजा वारिंग, अलका लांबा, सैयद नासिर हुसैन, श्रीनिवास बी.वी., विकार रसूल वानी एवंनीरज कुंदन। बता दें कि 90 सदस्यीय जम्मू-कश्मीर विधानसभा के लिए तीन चरणों में चुनाव होंगे। 18 सितंबर, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को तीन चरणों में वोट डाले जाएंगे, जबकि वोटों की गिनती 8 अक्टूबर को होगी। कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन किया है। जम्मू-कश्मीर में साल 2014 के बाद से यह पहला विधानसभा चुनाव होगा।

## सितंबर में भी जमकर होगी बारिश, कुछ राज्यों के लिए चिंता

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय मौसम विभाग ने देश में बारिश को लेकर नई रिपोर्ट जारी की है। इसके मुताबिक देश के अधिकतर हिस्सों में अगस्त वाला ट्रेंड जारी रहेगा और सितंबर में भी जमकर बारिश होगी। रिपोर्ट के मुताबिक उत्तराखंड, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों और पंजाब में काफी ज्यादा बरसात हो सकती है। इसके चलते यहां पर बाढ़ और लैंड स्लाइड जैसी घटनाएं हो सकती हैं। बता दें कि अगस्त में भारत में औसत से 16 फीसदी अधिक बारिश हुई है। 2001 से अभी तक यह पांचवां मौका था जब ऐसा हुआ है, वहीं 1901 से 29वीं बार ऐसा हुआ है। हालांकि अगस्त महीने में हुई 287 एमएम की अच्छी-खासी बारिश भी गर्मी शांत नहीं कर सकी। अगस्त महीने में मिनिमम टेम्प्रेचर 1901 से अब तक चौथा सबसे ज्यादा है। अगर क्षेत्रीय हिसाब से देखें तो उत्तर पश्चिमी भारत में सामान्य से 32 फीसदी ज्यादा बारिश हुई। 2021 से अब तक का दूसरा ऐसा मौका है, जब इतनी बारिश हुई है। हालांकि दक्षिणी हिस्सों में सामान्य से महज एक फीसदी ज्यादा बरसात हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक हालांकि सितंबर में देश भर में सामान्य से ज्यादा बरसात होगी, लेकिन कुछ खास हिस्सों जैसे-उत्तरी बिहार, उत्तरी पश्चिमी उत्तर प्रदेश, उत्तर पूर्व भारत के कई हिस्सों, उत्तर पश्चिम भारत और दक्षिण भारत में सामान्य से कम बरसात होने की



संभावना है। गौरतलब है कि अप्रैल मध्य में की गई भविष्यवाणी के मुताबिक जून से सितंबर तक देश में सामान्य से ज्यादा बारिश होनी थी। अगस्त में हुई अच्छी बारिश से खरीफ की फसलों को फायदा हुआ है। इससे अच्छे फसल उत्पादन की उम्मीद जागी है। इसके अलावा अच्छी बरसात होने से जमीन में अच्छी नमी रहेगी जो रबी की फसल के लिए बेहतर होगा। हालांकि अभी तक ला नीना बना नहीं है और उम्मीद है कि यह सितंबर अंत तक आ सकता है। बारिश पर इसका कुछ असर होगा ऐसी संभावना बेहद कम है। सितंबर से नवंबर के दौरान बनने वाला ला नीना आमतौर पर दक्षिण भारत में मॉनसून को कमजोर कर देता है। आईएमडी के निदेशक मृत्युंजय मोहपात्रा ने कहा कि हालांकि इस बारे में अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगी।

# मता बनर्जी के बंगाल जला तो.. वाले बयान का सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने किया बचाव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बंगाल जला तो.. वाले बयान का सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने बचाव किया है। सिन्हा ने कहा कि जहां तक मैं अपनी दीदी ममता बनर्जी को जानता हूं, उन्होंने जो कहा वह एक परिपक्व बात है, उनके कहने का मतलब था कि अगर वे कोलकाता की घटना पर लोगों को भड़काने की कोशिश कर रहे हैं। तो इसका असर केवल बंगाल तक सीमित नहीं रहेगा। इसका असर पूरे देश में फैलेगा। इस केस की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में चल रही है। सीबीआई इसकी जांच कर रही है, जो सच होगा वह जल्दी ही सामने आ जाएगा। दरअसल, कोलकाता रेप केस को लेकर लगातार हमलावर हो रही भाजपा को निशाने पर लेते हुए ममता बनर्जी ने एक रैली के दौरान यह बात कही थी। उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी अपनी कुर्सी का इस्तेमाल बंगाल की आग को भड़काने के लिए कर रहे हैं। कुछ लोग सोचते हैं कि यह बांग्लादेश है। मुझे बांग्लादेश से प्यार है वह हमारी तरह बोलते हैं और हमारी संस्कृति को साझा करते हैं। लेकिन याद रखें बांग्लादेश एक अलग देश है और भारत एक अलग देश है। मोदी बाबू यहां आग भड़काने के लिए आप अपनी पार्टी का इस्तेमाल कर रहे हैं, तो याद रखिए यदि बंगाल जलाओगे तो असम, उत्तर-पूर्व, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडीशा और



दिल्ली भी जलेगी। हम आपकी कुर्सी गिरा देंगे। ममता के इस बयान के बाद भाजपा पूरी तरीके से उनके पीछे पड़ गई थी और अब शत्रुघ्न सिन्हा के द्वारा इस बयान का बचाव करने पर एक नया विवाद खड़ा हो गया है।

भाजपा ने ममता बनर्जी देश में अशांति फैलाना चाहती हैं ममता बनर्जी के इस बयान के बाद भाजपा ने अपना हमला सीएम पर और तेज कर दिया। भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के आग वाले बयान से अलग-अलग राज्यों में अशांति फैलने की संभावना है।

न्यूज एजेंसी से बात करते हुए पीटीआई ने कहा कि क्या आपको (ममता बनर्जी) को नहीं लगता की आपकी टिप्पणी से पड़ोसी राज्यों में अशांति फैल सकती है। ऐसा लगता है कि आप पड़ोसी देश में सक्रिय कुछ भारत विरोधी ताकतों की भाषा में बात कर रही हैं। ममता बोलीं- मैंने जूनियर डॉक्टरों को धमकी नहीं दी इस बयान के बाद मची घमासान के बाद ममता ने दूसरा बयान जारी करते हुए कहा कि उन्होंने सरकारी अस्पतालों में जूनियर डॉक्टरों को धमकी नहीं दी है। ममता ने कहा कि मैं यह बता देना चाहती हूं कि मैंने छात्रों या उनके आंदोलनों के खिलाफ एक भी शब्द नहीं कहा है। मैं उनके आंदोलन का पूरा समर्थन करता हूं। मैंने उन्हें कभी धमकी नहीं दी, जो लोग मुझ पर यह आरोप लगा रहे हैं यह पूरी तरह से गलत है।

पेरिस पैरालंपिक 2024

# 3 बार मां बनने में असफल रहीं थी जोडी ग्रिनहम अब 7 माह प्रेग्नेंट एथलीट ने मेडल जीतकर रचा इतिहास



**नईदिल्ली, एजेंसी।** शनिवार (31 अगस्त) को ब्रिटेन की तीरंदाज जोडी ग्रिनहम ने इतिहास रच दिया। वह सात महीने की गर्भवती हैं और उन्होंने ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। जोडी को उम्मीद है कि उनकी उपलब्धि कई अन्य माताओं को प्रेरित करेगी। पैदा होने के बाद से ही उनका सफर आसान नहीं रहा है।

जोडी ग्रिनहम जब पैदा हुई तब उनके बाएं हाथ में उंगलियां नहीं थीं। केवल आधा अंगूठा था। उनका दो साल का एक बच्चा है। इससे पहले वह तीन बार गर्भवती होकर मां नहीं बन सकी थीं। ऐसे में गर्भावस्था के दौरान तीरंदाजी करना शारीरिक ही नहीं मानसिक तौर पर भी काफी मुश्किल है।

जोडी ग्रिनहम को सेमीफाइनल मैच के दौरान काफी दिक्कत हुई। इस मुकाबले के दौरान उनका बच्चा हिल-डुल रहा था और वह हार गईं। पैरालंपिक में मेडल जीतने से पहले जोडी ने पिछला वीकेंड पेरिस के एक अस्पताल में बिताया था, क्योंकि उनका बच्चा हिल नहीं रहा था। उनके बच्चे के दिल की लगातार निगरानी चल रही थी। इसके ट्रेनिंग के दौरान वह बच्चे के अप्रत्याशित मूवमेंट को लेकर भी तैयारी कर रही थीं। वह अब अपने बच्चे को बता सकेंगी कि वह दुनिया में आने से पहली है पोडियम पर पहुंच गया था।

जोडी ग्रिनहम ने ब्रॉन्ज मेडल अपने ही देश की एथलीट फोबे पैटरसन पाइन को पछाड़कर जीता। दोनों एथलीट दोस्त हैं। 31 की जोडी ने इतिहास रचकर गर्भवती महिलाओं को संदेश दिया। उन्होंने कहा, आप जो करना चाहती हैं करें। अगर तुम खुश और स्वस्थ हो और बच्चा स्वस्थ और सुरक्षित है, तो आप अपना काम करती रहें। इसमें कोई दिक्कत नहीं है। रूढ़िवादी मान्यताएं नहीं माननी चाहिए। अगर आप जॉगिंग करना चाहती हैं या जिम जाना चाहती हैं, तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। इसका आप पर या बच्चे पर कोई असर नहीं होना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार



### पीएम मोदी ने दी रुबीना को बधाई, निशानेबाज ने पेरिस पैरालंपिक में जीता कांस्य पदक

**पेरिस, एजेंसी।** रुबीना पैरालंपिक में पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला पिस्टल निशानेबाज हैं। एसएच1 वर्ग में वो पैरा निशानेबाज हिस्सा लेते हैं जो बिना किसी परेशानी के बंदूक संभालते हुए व्हीलचेयर या चेयर पर बैठकर या खड़े होकर निशाना लगा सकते हैं। भारतीय पैरा शूटर रुबीना फ्रांसिस ने शनिवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला 10 मीटर एयर पिस्टल एसएस1 के फाइनल में कांस्य पदक जीत लिया। पेरिस पैरालंपिक में भारत को पांचवां पदक दिलाया। पीएम मोदी ने उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी।

पीएम ने कहा- भारत के लिए एक और गौरवपूर्ण क्षण, जब रुबीना फ्रांसिस ने पेरिस पैरालंपिक में पी2-महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। उनके असाधारण ध्यान, दृढ़ संकल्प और दृढ़ता ने बेहतरीन परिणाम दिए हैं।

### ड्वेन ब्रावो ने किया रिटायरमेंट का ऐलान, पांच बार टीम को बना चुका है चैंपियन!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के धाकड़ ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो ने कैरेबियन प्रीमियर लीग से संन्यास की घोषणा की कर दी है। ब्रावो के लिए यह आखिरी सीपीएल सीजन होगा। ड्वेन ब्रावो इस लीग में ट्रिनबागो नाइट राइडर्स के लिए खेल रहे हैं। ब्रावो ने अपने सोशल मीडिया पर रिटायरमेंट की जानकारी दी है। संन्यास की घोषणा के साथ ब्रावो ने कहा, यह एक शानदार सफर रहा और मैं अपने कैरेबियन लोगों के सामने अपना अंतिम पेशेवर टूर्नामेंट खेलने के लिए उत्सुक हूं। टीकेआर वो जगह है जहां मेरे लिए सब कुछ शुरू हुआ था और मेरी टीम के साथ ही खत्म होगा।

बता दें कि ब्रावो पांच सीपीएल खिताब जीतकर इस लीग से संन्यास ले रहे हैं। ब्रावो ने तीन बार अपनी कप्तानी में टीकेआर को जीत दिलाई है। सिर्फ इतना ही नहीं, ब्रावो सीपीएल के इतिहास में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज भी हैं। ब्रावो ने सीपीएल में कुल 128 विकेट लिए हैं।

**2013 में ब्रावो ने सीपीएल में किया था डेब्यू:** ड्वेन ब्रावो ने अपने सीपीएल करियर की शुरुआत 2013 में ट्रिनबागो नाइट राइडर्स के साथ शुरू किया था। साल 2020 तक उन्होने टीकेआर की कप्तानी की। इसी दौरान वे 100 सीपीएल विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने। अगले दो सीजन, 2021 और 2022 में वे सेंट किट्स एंड नेविस पेट्रियट्स के लिए खेले। इसके बाद 2023 में फिर से उन्होंने नाइट राइडर्स में वापसी कर ली।

# रोहित शर्मा के निशाने पर वीरेंद्र सहवाग का महारिकॉर्ड... बांग्लादेश सीरीज में रचेंगे इतिहास!



**नई दिल्ली, एजेंसी।** श्रीलंका दौरे की समाप्ति के बाद भारतीय खिलाड़ियों को करीब 43 दिनों का ब्रेक मिला है. ब्रेक के बाद भारतीय क्रिकेट टीम 19 सितंबर से बांग्लादेश के खिलाफ अपने घर पर दो टेस्ट मैच और तीन टी20 मैच खेलेगी. बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए जल्द ही टीम इंडिया का ऐलान किया जाएगा.

### ... तो सहवाग का ये रिकॉर्ड तोड़ देंगे रोहित

बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा पर सबकी निगाहें होंगी, जो बल्ले से धांसू प्रदर्शन करना चाहेंगे. रोहित के पास इस टेस्ट सीरीज में एक महारिकॉर्ड बनाने का भी मौका होगा. रोहित यदि इस सीरीज में 7 छक्के लगाते हैं तो वह भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले बल्लेबाज बन जाएंगे.

रोहित शर्मा पूर्व ओपनर वीरेंद्र सहवाग को पीछे छोड़ देंगे, जिन्होंने भारत के लिए 103 टेस्ट टेस्ट मैच खेलकर 90 छक्के जड़े थे. रोहित शर्मा ने अब तक 59 टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 84 छक्के लगाए हैं. महेंद्र सिंह धोनी 78 सिक्स के साथ इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं. वहीं सचिन तेंदुलकर चौथे और रवींद्र जडेजा पांचवें पायदान पर हैं.

रोहित शर्मा इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज भी हैं. 37 साल के रोहित ने तीनों फॉर्मेट को मिलाकर कुल 483 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने कुल 620 छक्के लगाए हैं. रोहित टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ी हैं. रोहित ने 159 टी20 इंटरनेशनल मैचों में 205 छक्के लगाए. रोहित ओडीआई क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में दूसरे नंबर पर हैं. रोहित के नाम 265 वनडे इंटरनेशनल मैचों में 331 छक्के दर्ज हैं.

**टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले भारतीय**

- वीरेंद्र सहवाग- 178 पारियों में 90 छक्के
- रोहित शर्मा- 101 पारियों में 84 छक्के
- एमएस धोनी- 144 पारियों में 78 छक्के
- सचिन तेंदुलकर- 329 पारियों में 69 छक्के
- रवींद्र जडेजा- 105 पारियों में 64 छक्के

### स्टोक्स ने लगाए हैं टेस्ट में सबसे ज्यादा छक्के

टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स के नाम है. बेन स्टोक्स ने 190 टेस्ट पारियों में अब तक 131 छक्के लगाए हैं. उनके बाद न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान ब्रैंडन मैक्कुलम (176 पारियों में 107 छक्के) और ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज एडम गिलक्रिस्ट (137 पारियों में 100 छक्के) का नंबर आता है.


हॉन्ग कॉन्ग टी-20 क्रिकेट

# ये कैसा क्रिकेट ! हॉन्ग कॉन्ग ने महज 10 गेंदों में जीता टी20 मैच

## भारतवंशी गेंदबाज ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** हॉन्ग कॉन्ग की क्रिकेट टीम ने कमाल कर दिया है. हॉन्ग कॉन्ग ने आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप एशिया क्वालिफायर के एक मैच में मंगोलिया के खिलाफ 9 विकेट से जीत हासिल की. चौंकाने वाली बात यह रही कि हॉन्ग कॉन्ग ने सिर्फ 10 गेंदों में ही टारगेट हासिल कर लिया. इस मुकाबले में हॉन्ग कॉन्ग को जीत के लिए 18 रनों का टारगेट मिला था.

31 अगस्त (शनिवार) को कुआलालम्पुर के बयूमास ओवल में खेले गए इस मुकाबले में हॉन्ग कॉन्ग ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था. हॉन्ग कॉन्ग का ये फैसला बिल्कुल सही साबित हुआ. मंगोलिया की टीम महज 14.2 ओवरों में 17 रनों पर ढेर हो गई. मंगोलिया का कोई भी बल्लेबाज दहाई के आंकड़े को नहीं छू सका. मंगोलिया की ओर से मोहन विवेकानंदन ने सबसे ज्यादा 18 गेंदों में 5 रन बनाए. वहीं लुवसनजुंडुई एर्देनबुल्गान, दावासुरेन जमियांसुरेन और गंडेमबेरेल गेंबोल्ड के बल्ले से दो-दो रन निकले.

इस भारतवंशी गेंदबाज ने रचा इतिहास

हॉन्ग कॉन्ग के लिए एहसान खान ने पांच रन देकर चार विकेट लिए. वहीं अनस खान और यासिम मुर्तजा ने दो-दो विकेट चटकाए. हालांकि इन सबके बीच महफिल लूटी तेज गेंदबाज आयुष शुक्ला ने, जिन्होंने 4 ओवर में बिना कोई रन दिए एक विकेट लिए. भारतीय मूल के आयुष शुक्ला ऐसे तीसरे गेंदबाज बन गए हैं, जिन्होंने टी20 इंटरनेशनल में अपने चारों ओवर मेडन फेंके. इससे पहले साद बिन जफर (कनाडा) और लॉकी फर्ग्यूसन (न्यूजीलैंड) ही ऐसा कर सके थे.

साद जफर ने साल 2021 में कूलिज में टी20 वर्ल्ड कप अमेरिकी रीजन क्वालिफायर मैच में पनामा के खिलाफ 4-4-0-2 का स्पेल फेंका था. वहीं लॉकी ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 में पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ ये उपलब्धि हासिल की थी. पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ लॉकी ने 4-4-0-3 के जादुई आंकड़े के साथ मैच समाप्त किया था.

मुकाबले में हॉन्ग कॉन्ग के लिए जीशान अली 15 और कप्तान निजाकत खान 1 रन पर नाबाद लौटे.

# नॉर्थईस्ट यूनाइटेड डूरंड कप फुटबॉल में पहली बार चैंपियन बना

**डिफेंडिंग चैंपियन मोहन बागान को 4-3 से हराया, गुरमीत ने शूटआउट में 2 गोल बचाए**



**कोलकाता, एजेंसी।** गुरमीत सिंह की शानदार गोलकीपिंग के दम पर नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी ने एशिया के सबसे पुराने टूर्नामेंट डूरंड कप फुटबॉल का खिताब जीत लिया है। टीम ने 133वें सीजन के फाइनल मुकाबले में 2 गोल से पिछड़ने के बावजूद डिफेंडिंग चैंपियन मोहन बागान को शूटआउट में 4-3 से हराया। नॉर्थईस्ट यूनाइटेड की टीम इस टूर्नामेंट में पहली बार चैंपियन बनी है। इतना ही नहीं, यह भारतीय फुटबॉल में क्लब की पहली ट्रॉफी भी है।

शनिवार रात को कोलकाता के विवेकानंद युवा भारती क्रीडांगन में फाइनल मैच निर्धारित समय तक 2-2 की बराबरी पर रहा। ऐसे में चैंपियन का फैसला शूटआउट से हुआ। 24 वर्षीय गुरमीत सिंह ने तीसरे प्रयास में लिस्टन कोलाको का गोल रोका। फिर 5वें अटैम्प्ट में मोहन बागान के कप्तान सुभाशीष बोस का शॉट रोका और मैच को अपनी टीम के पक्ष में कर दिया।

मोहन बागान को उन्हें 13वीं बार दूसरे स्थान पर रहकर संतोष करना पड़ा। यह मैच देखने के लिए नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के मालिक बॉलीवुड अभिनेता जॉन अब्राहम भी मौजूद थे। जीत के बाद नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के खिलाड़ियों ने मलिक जॉन अब्राहम के साथ सेलिब्रेट किया।

**ऐसा रहा शूटआउट का रोमांचः** शूटआउट के दौरान नॉर्थईस्ट यूनाइटेड की ओर से गुलेर्मो फर्नांडीज, कप्तान मिगुएल जबाको टोम, पार्थिब गोगोई और अलादीन अजराई ने अपने-अपने प्रयास में गोल दागे। वहीं, दूसरी ओर मोहन बागान की ओर से जेसन कमिंग्स, मनवीर सिंह और दिमित्री पेट्राटोस ने गोल किए। लिस्टन कोलाको और कप्तान सुभाशीष बोस गोल करने से चूक गए।

# ऑलराउंडर की भूमिका को खत्म कर रहा इम्पैक्ट प्लेयर नियमः जोंटी रोड्स

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लखनऊ सुपर जायंट्स के फील्डिंग कोच जोंटी रोड्स ने कहा कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इम्पैक्ट प्लेयर नियम के बड़े फैन नहीं हैं, क्योंकि यह एक ऑलराउंडर की भूमिका को खत्म कर देता है। रोहित शर्मा जैसे प्रमुख प्लेयर भी चिंता व्यक्त कर चुके हैं कि यह नियम ऑलराउंडरों के विकास को हतोत्साहित करता है।

जबकि, रविचंद्रन अश्विन जैसे एक और सीनियर का मानना है कि यह नियम खेल में एक मूल्यवान रणनीतिक फैक्ट जोड़ता है। जोंटी रोड्स ने बात करते हुए कहा, मैं इम्पैक्ट प्लेयर नियम के सही उपयोग के पक्ष में हूं, क्योंकि खिलाड़ी लगभग फ्री होकर खेल रहे हैं। मैं केवल एक ऑलराउंडर की भूमिका के बारे में परेशान हूं।

आपको टेस्ट क्रिकेट, 50 ओवर और अन्य सभी टी20 के लिए भी इसकी आवश्यकता होती है। रोड्स ने कहा, इसलिए मैं उस इम्पैक्ट प्लेयर नियम का बहुत बड़ा फैन नहीं हूं और शायद मैं इतना समझदार नहीं हूं कि यह समझ सकूं कि खिलाड़ी का उपयोग करने की सही रणनीति क्या है। लेकिन फिर से, यह मेरा निर्णय नहीं है कि किसी खिलाड़ी को कब भेजना है, इसलिए मैं इसके बारे में चिंता नहीं कर रहा हूं। मैं हमेशा बदलाव के लिए तैयार रहता हूं और खेल को अनुकूल बनाने के लिए चीजों को आजमाता हूं.





# 8 महीने में 139 छक्के, पूरन ने रचा इतिहास

**बने एक साल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज**

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वेस्टइंडीज के तूफानी बल्लेबाज निकोलस पूरन ने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. हैरानी की बात यह है कि पूरन ने महज 8 महीनों में ही अपने ही देश के पूर्व दिग्गज क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा है. दरअसल, पूरन अब टी20 में एक साल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं.

निकोलस पूरन इस समय शानदार फॉर्म में चल रहे हैं. बड़े से बड़ा गेंदबाज पूरन के सामने फीका नजर आ रहा है. अपनी तूफानी बल्लेबाजी से पूरन ने हर किसी के होश उड़ा रखे हैं. पूरन ने इस साल के आठ महीनों में ऐसी छक्कों की बरसात की कि क्रिस गेल का रिकॉर्ड चखनाचूर हो गया. बता दें कि पूरन फिलहाल अपने देश की फ्रेंचाइजी लीग कैरेबियाई प्रीमियर लीग में खेल रहे हैं. इस साल पूरन त्रिनबागो नाइट राइडर्स टीम का हिस्सा हैं. इस सीजन के अपने पहले ही मैच में पूरन ने 97 रनों की धुआंधार पारी खेली. इस दौरान उनके बल्ले से 7 चौके और 9 छक्के निकले. पूरन इस साल यानी 2024 में अब तक 139 छक्के लगा चुके हैं. इसके साथ ही उनके नाम टी20 में एक साल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड हो गया है. इससे पहले ये रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम था. गेल ने 2015 में 135 छक्के जड़े थे. हालांकि, अब 9 साल बाद पूरन ने उनका यह रिकॉर्ड तोड़ दिया है.

**200 छक्के लगा सकते हैं पूरन**

पूरन को अभी कैरेबियाई लीग में काफी मैच खेलने हैं. इसके अलावा वह और भी कई लीग्स में खेलते नजर आ सकते हैं. ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि पूरन जल्द ही टी20 में एक साल में 200 छक्के लगाने वाले विश्व के पहले बल्लेबाज बन सकते हैं.

**एक साल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज**

- निकोलस पूरन- 2024- 139 छक्के
- आंद्रे रसेल- 2019- 101 छक्के
- क्रिस गेल- 2016- 112 छक्के
- क्रिस गेल- 2015- 135 छक्के
- क्रिस गेल- 2012- 121 छक्के

# अजयगढ़ के देवरीपुरवा में दूषित पानी पीने से फैली उल्दी दस्त की बीमारी

## सीएमएचओ डॉ0 त्रिपाठी पहुंचे पीड़ितों के पास एवं अजयगढ़ स्वास्थ्य विभाग की टीम कर रही इलाज





### उक्त बीमारी से दो महिलाओं की हुई मौत, बीमारी नियंत्रण में

### विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह पहुंचे देवरी पुरवा गांव

**पन्ना।** अजयगढ तहसील अंतर्गत हरनामपुर पंचायत के ग्राम देवरीपुरवा में दो दिनों से उल्टी दस्त की बीमारी फैली हुई थी जिसमें एक ही परिवार की 85 वर्षीय महिला एवं एक 32 वर्षीय महिला की मृत्यू भी हो गई। उक्त बीमारी के संबंध में जानकारी प्राप्त हुई है कि ग्राम देवरी पुरवा में लगभग 37 परिवार के लोग रहते है जहां पर पानी पीने के लिये सिॅर्फ दो हैण्ड पम्प है तथा दोनों हैण्ड पंपों के बीच में एक बहुत बडा गड्ढा है जिसमें पानी भरा है। उक्त गड्ढे में ही गांव के लोग निस्तार करते है तथा कूड़ा करकट भी डालते है जिससे उक्त गड्ढे का पानी दूषित होने के कारण हैण्ड पम्प के पानी में भी वह दूषित पानी पहुंच गया। जिससे गांव वालों ने पेयजल के रूप में उपयोग किया जिससे उल्टी दस्त ही बैमारी फैल गई। 30 अगस्त 2024 को सीएमएचओ डॉ0 एस.के. त्रिपाठी एवं अजयगढ़ की स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा देवरी पुरवा गांव पहुंचकर बीमार लोगों का इलाज किया गया तथा जो गंभीर रूप से 4-5 लोग बीमार थे उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया जिनका इलाज चल रहा है। जानकारी प्राप्त हुई है कि 31 अगस्त को कोई नये मरीज उल्टी दस्त के नहीं निकले है। उक्त जानकारी की सूचना मिलते ही पन्ना विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह भी 31 अगस्त को ग्राम देवरीपुरवा पहुंचे। उल्टी दस्त के लोगों से मिले तथा गांव के लोगों से ग्राम क्षेत्र की अन्य समस्याओं के संबंध में भी चर्चायें किया। उक्त उल्दी दस्त की बीमारी के संबंध में 30 अगस्त को पन्ना आये जिले के प्रभारी मंत्री इन्दर सिंह परमार ने मीडिया के पूंछने पर जवाब देते हुये कहा कि संबंधित बीमारी को लेकर निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दे दिये गये है जांच कर कार्यवाही व उपचार किया जायेगा।

पन्ना जिला स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सीएमएचओ डॉ0 एस.के. त्रिपाठी ने देवरीपुरवा में हुई उल्टी दस्त की बीमारी के संबंध में बताया कि दूषित पानी पीने के कारण उक्त गांव में यह बीमारी फैली थी। तथा 32 वर्षीय जिस महिला की मौत हुई है उसे परिवार के लोग कहीं इलाज कराने के लिये ले गये थे तथा वहां से बांदा ले जाते समय उसकी मृत्यू हो गई थी। उन्होंने बताया है कि 31 अगस्त को उल्दी दस्त के कोइ नये केस उक्त गांव में नहीं निकले तथा बीमारी नियंत्रण में है तथा देवरी पुरवा के सभी घरों में क्लोरीन की 50-50 गोली रखवा दी गई है कि इनको पानी में डालकर ही पियें जिससे उल्टी-दस्त से बचा जा सके। उन्होंने उल्दी दस्त के संबंध में संपूर्ण जिले के लोगों को एडवाइजरी देते हुये कहा कि बरसात के मौसम में शुद्ध पेयजल का लोग उपयोग करें यदि किसी गांव में दूषित पानी की समस्या है तो पानी को उबालकर पियें तथा गांव के ही आशा कार्यकर्ता से क्लोरीन की गोली लेकर पानी में डालकर पियें तथा जब तक बरसात है तब तक ताजा भोजन करें बासी भोजन से बचें।

# शिक्षा विभाग में शिक्षकों का अनुशासन आया सामने

### आपस में स्वयं की हाजरी लगाने को लेकर जमकर उलझे हांथापाई हुई टिफिन से ही सर में किया प्रहार मामला देवेन्द्रनगर थाने पहुंचा




**पन्ना।** आखिर शिक्षा विभाग में सीएम राइज विद्यालयों को शिक्षा की बेहतरी के लिये सरकार ने बतौर प्रयोग कार्यप्रणाली को लेकर अंजाम दिया। जहां शासकीय विद्यालय सीएम राइज देवेन्द्रनगर आरएस गर्ग शासकीय उ.मा.विद्यालय में प्रभारी प्राचार्य राजेश कुमार रैकवार के मध्य सीताशरण पटेल शिक्षक से विवाद के हालात हांथापाई तक पहुंच गये जहां जमकर लड़ाई के हालात के चलते मामला देवेन्द्रनगर थाने में दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी रिपोर्ट भी दर्ज कराई। आखिर इससे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि सीएम राइज विद्यालय देवेन्द्रनगर में जहां यह दास्तां सामने आई इससे अनुशासन का पालन शासकीय सेवा को लेकर शिक्षक व प्राचार्य दोनों में किस तरह से माना जाये। शोसल मीडिया में बखूबी जहां दोनों के मध्य हुये विवाद का कारण आरोप-प्रत्योराप के दौर से गुजर रहा है। सीधी तौर पर यह कहें कि जब मामला लड़ाई में ही तब्दील हो गया तो इस विद्यालय में पढने वाले छात्रों को लेकर शिक्षकों के प्रति सम्मान को लेकर क्या माना जायेगा। वहीं शिक्षक जो देश के भावी भविष्य निर्माण करने को लेकर शिक्षा के माध्यम से संस्कार का पाठ पढाते है वहीं जब शिक्षक ही विद्यालय के अंदर ही आपस में इस तरह से लड़ाई को अंजाम देंगे जो विद्यालय में ही अखाड़े की स्थिति चर्चा में आ जाये मामला पुलिस तक पहुंचा इससे सीएम राईज विद्यालय देवेन्द्रनगर में अनुशासन को लेकर क्या माना जायेगा। वहीं शिक्षकों के द्वारा विद्यालय में शिक्षा प्रदान करने से लेकर स्वयं किस तरह से वातावरण का निर्माण कर रहे है। इसकी पोल तो खुल ही गई वहीं क्या दोनों के मध्य कार्यवाही आगे तय होगी यह तो वरिष्ठ अधिकारी ही जानें। पर जिस तरह से यह मामला शोसल मीडिया में चल रहे वीडियो आदि से सुर्खियां बना यह निश्चिततौर पर शिक्षा विभाग ने शिक्षकों की अनुशासन की भूमिका को लेकर सवालों के रूप में सामने है।

# घांस काटने गई महिला नाले में बही, मिला शव

## चंदौरा चौकी के ग्राम बल्दूपुरवा की घटना



**पन्ना।** प्राप्त जानकारी के अनुसार अजयगढ क्षेत्र के चंदौरा चौकी अंतर्गत ग्राम बल्दू पुरवा में गांव की ही एक महिला सुमन राजपूत उम्र 22 वर्ष 30 अगस्त 2024 को पशुओं को घास लेने के लिये खेत में गई हुई थी। राजपूत समाज की उक्त महिला लौटते समय स्थानीय नाले में कैसे गिर गई यह किसी को पता नहीं लेकिन जब वह घर नहीं आई तो परिवार के लोगों ने पता किया तो पता चला कि वह नाले में गिर गई है। इस संबंध में घर परिवार के लोगों ने पुलिस को सूचनला दिया। पुलिस की सूचना के आधार पर होमगार्ड कमाण्डेंट द्वारा एसडीआरएफ की टीम को उक्त गांव भेजा जहां पर 31 अगस्त को नाले में टीम के लोग ढूढते रहे। चंदौरा चौकी प्रभारी ने उक्त घटना की पुष्टि करते हुये बताया कि पुंगरी के गहरा नाला में महिला की लाश मिली है जिस परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया है।

# ग्राम पंचायत विकास योजना पर पंचायत प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण सम्पन्न

### ग्राम कार्ययोजना का त्रैमासिक समीक्षा जरूरी

### ग्राम कार्ययोजना निमार्ण में सबकी भागीदारी आवश्यक



**पन्ना।** जिले में कार्यरत स्वयंसेवी संस्था समर्थन स्थानीय स्वाशासन के मुददो पर लगातार काम कर रही एवं पंचायत शसक्तीकरण के लिये प्रयासरत है। अजयगढ विकास खण्ड के 30 ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियो का प्रशिक्षण दिव्या पेलेस में किया गया। ग्राम पंचायत विकास योजना निमार्ण में प्रतिनिधियो की भागीदारी के साथ जनता की भागीदारी सुनिश्चित करना आवश्यक है। प्रत्येक वर्ष कार्ययोजना बनाई जाती है लेकिन उसकी समीक्षा हम नही करते है, जिससे जनता का प्लान अलग, पंचायत का कार्य अलग रहता है तालमेंल नही खाता एवं जनता का विश्वास जीपीडीपी पर अब नही के बराबर है। ग्राम पंचायतो में त्रैमासिक कार्ययोजना का रिव्यू नही किया जा रहा जिससे लोगो को काम की जानकारी प्लान की जानकारी नही रहती है। पंचायत प्रतिनिधियो को ईग्राम स्वाराज पर प्लान को देखना एवं समीक्षा करने की जानकारी से अवगत कराया गया है।

ग्राम विकास योजना निमार्ण अभ्यास - प्रतिभागियो को गांव वाईज समूह बनाकरकर अपने गांव की समस्या को लिखना एवं ग्राम सभा में अनुमोदन के पहलुओं पर जानकारी दी। प्रशिक्षण में समर्थन संस्था के वरिष्ठ कार्यकर्ता राजकुमार मिश्रा ने तकनीकी सत्र के माध्यम से ग्रामसभा, पंचायत, एवं प्रतिनिधियो की भूमिका पर चर्चा की। प्रशिक्षण में विनीत द्विवेदी, मीत पटेल, फरीदा बी, दीपक चौधरी, लखन लाल शार्मा, विकास मिश्रा एवं ज्ञानेन्द्र तिवारी की भूमिका रही है।

# छत्रसाल महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों एवं एनसीसी इकाई द्वारा 12 यूनिट किया रक्तदान

**पन्ना**

कलेक्टर पन्ना के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना के प्राचार्य डॉ एसपीएस परमार के आदेशानुसार महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना एवं एनसीसी इकाइयों ने 12 यूनिट स्वैच्छिक रक्तदान ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय पन्ना हेतु किया। आज दिनांक 31/08/2024 को महाविद्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य डॉ पीपी मिश्रा द्वारा किया गया । उक्त शिविर का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज कुमार शुक्ल, डॉ कविता, डॉ गुलाब धर एवं डॉ श्वेता ताम्रकार, एनसीसी के अधिकारी लेफ्टिनेंट सिद्धू सिंह तथा स्वयंसेवकों के द्वारा किया गया, शिविर के आयोजन में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एस के पटेल, डॉ. आर एम दत्ता तथा सहा. प्रा., डॉ. एस के त्रिपाठी भी उपस्थित थे। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट सिद्धू सिंह एवं राजनीति विज्ञान के सहायक प्राध्यापक श्री रजनीश चौरसिया द्वारा रक्तदान कर जनमानस एवं विद्यार्थियों को जागरुक एवं प्रेरित किया स इस शिविर में रक्तदान 1- एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट सिद्धू सिंह, 2- सहा. प्रा. श्री रजनीश चौरसिया, 3- मेघा खटीक, 4- मोहित वंशकार, 5- तराना बानो, 6- यशवंत अहिरवार, 7- कृष्ण प्रताप सिंह, 8- निशांत कुशवाहा, 9- मोहित कुशवाहा, 10- मंदिरा सरकार, 11- अंश मिश्रा तथा 12- आतिफ खान ने किया। जिला चिकित्सालय पन्ना के ब्लड बैंक की टीम से लैब टेक्नीशियन विनोद पाल, सहायक मस्तराम रजक तथा चालक रवि करण रैकवार द्वारा उक्त शिविर में रक्तदान का कार्य संपन्न करवाया गया।



# जनपद पंचायत शाहनगर में एक साथ नौ सचिव हुए सेवा निवृत्त, जनपद पंचायत कार्यालय मे दी गई विदाई




**पन्ना।** जनपद पंचायत शाहनगर में 31 अगस्त को एक साथ नौ सचिव सेवा निवत्त हुए है। जिन्होने अपना सेवाकाल पूरा किया। उक्त सभी सचिवो को जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी कार्यालय मे विदाई समारोह आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम मे क्षेत्रीय विधायक प्रहलाद लोधी भी उपस्थित रहें। उनकी उपस्थिती में सभी सचिवो को भावभीनी विदाई दी गई। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित मालवीय सरपंच ग्राम पंचायत शाहनगर मनोज जेन भी विशेष रूप से उपस्थित रहें। जिन सचिवो को विदाई दी गई है। उनमें श्रीमती विमलेश खरे, रमेश कुमार चौबे,रमेश कुमार गुप्ता, राम अवतार शर्मा, संतोष सिंह बुंदेला, प्रितपाल सिंह परमार, कृष्ण पाल सिंह परमार, अशोक कुमार खरे एवं श्री राम नारायण उर्मलिया शमिल है। सभी सचिवो को विधायक प्रहलाद लोधी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा साल, श्रीफल, देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए दीर्घायू जीवन स्वस्त एवं प्रसन्न रहने की कामना की। इस अवसर पर अनेक लोग उपस्थित रहें। सचिव अंबिका प्रसाद द्विवेदी द्वारा किया गया इस मौके पर पीसीओ कमल प्रताप सिंह, मनोज द्विवेदी, रुद्रप्रताप सिंह, हीरा सिंह एवं समस्त जनपद पंचायत सचिव सामिल हुए।

# गायत्री शक्ति पीठ में मातृ शक्ति जन्म शताब्दी अखंड दीप श्रद्धा संवर्धन के तारतम्य में एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न



**पन्ना।** दिनांक 30 अगस्त 2024 शुक्रवार को शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में उप जोन सागर मप्र के वरिष्ठ परिजनों प्रकाश बादल जी गायत्री परिवार इंदौर के वरिष्ठ प्रज्ञा परिजन श्री कृष्ण शर्मा जी व श्री दुवे जी के द्वारा पन्ना जिले प्रत्येक ग्राम पंचायत में व हर गांव हर घर तक 2026 अखंड दीप जन्म शताब्दी तक कैसे हम महाकाल कि अवतारी चेतना 21 सदी उज्जवल भविष्य व सतयुग नारी युग के उद्घोषक वेद मूर्ति युग दृष्टा 19 वें पुराण प्रज्ञा पुराण के रचइता युग व्यास पं श्री राम शर्मा के आत्म बोध गुरु साक्षात्कार के शताब्दी समारोह के पहले हमें जन जन तक युग संदेश पहुंचाना है इसी विषय को लेकर प्रशिक्षण रखा गया, व्यक्ति परिवार समाज राष्ट्र के नव निर्माण कि ट्रेनिंग दी गई। जिसमें पन्ना जिले कि सभी तहसीलों के कार्यकर्त्ता तहसील समन्वयक उपस्थित हुये ! कार्यक्रम का आयोजन व संचालक जिला समन्वयक श्री लक्ष्मण देव सिंह जी द्वारा जिला प्रमुख ट्रस्टी ठाकुर फूल सिंह जी सहायक प्रमुख ट्रष्टी मनोज केशरवानी जी द्वारा रखा गया। कार्यक्रम के अंत में गायत्री शक्ति पीठ गुम्बद निर्माण का अवलोकन सागर उप जोन से आये परिजनों द्वारा किया गया। प्रमुख सहायक ट्रष्टी मनोज केशरवानी जी द्वारा गुम्बद निर्माण सहयोग हेतु भी कि गई।

# पन्ना जिले के रैपुरा तहसील में श्री कृष्ण बलराम शोभा यात्रा निकाली गई



**पन्ना।** पन्ना जिले के रैपुरा तहसील में विगत दिनों भव्य श्री कृष्ण बलराम शोभा यात्रा निकाली गई शोभायात्रा में समाज के लोग भारी संख्या में एकत्रित हुए यात्रा के आयोजक रवि यादव ने कहा कि हमारा समाज शिक्षित हो कुरीतियों से दूर रहे एक दूसरे से प्रेम और सहयोग से हमेशा एक दूसरे की मदद करें रवि यादव ने कहा भगवान ने हमारे बंश में जन्म तो लिया था लेकिन जो शिक्षा दी शिक्षा को हमें भी अनुकरण करना चाहिए यह यात्रा केवल यादव समाज की नहीं है यह सभी की यात्रा है सभी समाज की यात्रा है शोभा यात्रा में रैपुरा क्षेत्र के आसपास के लोग पहले बाइक रैली में शामिल हुए शोभा यात्रा के मंच पर गीत और भजन की प्रस्तुति दी गई शोभा यात्रा में पन्ना जिला के जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष यादव एवं समाज के सभी प्रतिष्ठित एवं गणमान्य नागरिकों ने शोभायात्रा का सहयोग करते हुए यात्रा को सफल बनाया।

# अटल भू-जल योजना अंतर्गत हुई कार्यशाला

## विशेषज्ञों ने लाभप्रद जानकारी से अवगत कराया




**पन्ना।** अटल भूजल योजना अंतर्गत सही फसल-कृषि में जल उपयोग दक्षता बढ़ाना विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन गत गुरूवार को वाल्मी संस्था भोपाल के माध्यम स्थानीय टाउन हॉल में किया गया। विशेषज्ञों द्वारा अटल भूजल योजना की संक्षिप्त जानकारी प्रतिभागियों को दी गई। आनंद पाण्डेय द्वारा जिले में योजना की अद्यतन प्रगति से अवगत कराया गया। विवेक मौर्य ने सप्लाई व डिमांड साइड की जानकारी दी। दिल्ली से उपस्थित हुए सौरभ गुप्ता सीनियर कंसलटेंट ने प्रतिभागियों को समझाया कि सही फसल क्या होती हैं, इससे क्या आशय है, इसका परिचय एवं उद्देश्य से उपस्थित लोगों को रूबरू करवाया गया। भारत में भूजल की उपलब्धता और जिले में इसकी स्थिति पर चर्चा की गई। कार्यशाला में जल संरक्षण को लेकर बुंदेली भाषा में लोकगीत भी प्रस्तुत किया गया। अजयगढ़ विकासखंड की फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी की बहन वंदना एवं रंझन कोरी ने बताया कि 350 सदस्यों की समिति द्वारा दलहन तिलहन फसलों का चयन कर प्रतिदिन 10 क्विंटल दाल तैयार कर व विक्रय कर अपनी आजीविका का निर्वाह कर रही हैं। बकरी पालन को भी बहनों ने अपनाया है। ग्रामीण किसानों को कृषि में परंपरागत तरीके से उत्पादन करने के स्थान पर सही फसल का चयन कैसे करें, फसल चक्र अपनाने, कम पानी की खपत वाली फसलों का चयन करने तथा सिंचाई के आधुनिक यंत्रों का उपयोग करने के बारे में बताया गया। कृषि में जल का उपयोग, उन्नत जल सिंचाई पद्धतियां और फसल विविधीकरण पर विस्तार से परिचर्चा की गई। आमंत्रित कृषि विज्ञान केन्द्र पन्ना के विशेषज्ञ पी.एन. त्रिपाठी ने जल संरक्षित करने के लिए प्रेरित किया। आर.के. सिंह उद्यानिकी विशेषज्ञ ने सब्जी उत्पादन पर लोगों को आकृष्ट किया। नाबार्ड के विवेक गुप्ता ने अन्य योजनाओं के साथ नाबार्ड से समन्वय पर जोर दिया। साथ ही नाबार्ड की कार्यप्रणाली से अवगत करवाया। कार्यशाला के समापन उपरांत उपस्थितजनों ने कृषि विज्ञान केंद्र का भ्रमण कर सही फसल और कृषि में जल की उपयोगिता वृद्धि की जानकारी प्राप्त की। किसानों ने प्रत्यक्ष अवलोकन कर बारीकियां भी सीखीं।

